कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 316, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 12 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### राहुल ने सुक्खू की मां को मंच पर बुलाया, प्रियंका ने उन्हें और प्रतिभा सिंह को गले लगाया

## हिमाचल में अब 'सुखविंदर सरकार'





**शिमला:** हिमाचल में रविवार दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल, प्रियंका और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने मुख्यमंत्री पद की दावेदार रहीं प्रतिभा सिंह को अपने बगल में बैठाया। सुक्खू ने सभी कांग्रेस विधायकों के साथ मंच से समर्थकों का अभिवादन किया। रिज मैदान में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ ने सुक्खू के साथ-साथ डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को भी शपथ दिलाई। इससे पहले सुबह-सुबह सुक्खू खुद प्रतिभा सिंह को शपथ समारोह का न्योता देने पहुंचे। सुक्खू ने कहा- पार्टी पहले है, मुख्यमंत्री बाद में। प्रतिभा सिंह मेरी आदर्श हैं।



**राहुल ने सुक्खू की मां को मंच पर बुलाया, प्रियंका ने गले लगाया:** हिमाचल के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मां संसार देवी भी शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची थीं। राहुल गांधी को जब पता चला कि वह मंच के सामने बैठी हैं तो राहुल ने उन्हें मंच पर बुलाया और उनसे मिले। प्रियंका गांधी ने सुक्खू की मां को गले लगाया और मंच पर अपने पास बैठाया।

**प्रतिभा बोलीं- बेटे का मंत्री बनना तय:** प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल में एक स्थिर सरकार बनेगी। हम एकजुट होकर काम करेंगे। बता दें कि प्रतिभा मुख्यमंत्री पद की दावेदार थीं। वे सुक्खू के नाम से नाराज भी बताई जा रही थीं। सुक्खू से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह का मंत्री बनाना ऑलमोस्ट तय है।

**चौथी बार विधानसभा पहुंचे सुक्खू:** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू चौथी बार और मुकेश अग्निहोत्री पांचवी बार विधानसभा पहुंचे हैं। इससे पहले सुक्खू कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष, एनएसयूआई के अध्यक्ष, शिमला में दो बार पार्षद, युवा कांग्रेस प्रमुख और 2022 में चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष चुने गए थे। हाईकमान की तरफ से सुक्खू के नाम पर मुहर लगने के बाद शनिवार शाम शिमला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें सुक्खू को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया था।

## देश को शॉर्ट-कट की राजनीति नहीं: मोदी




**नागपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कुछ राजनीतिक दलों पर निजी स्वार्थ के लिए देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया और देशवासियों से ऐसे स्वार्थी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को स्थाई विकास की आवश्यकता है न कि शॉर्ट-कट की राजनीति की। उन्होंने कहा कि शॉर्ट-कट राजनीति से देश का विकास नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नागपुर में 75,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के अमृत महोत्सव में 75 हजार करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र की जनता को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, आज आपसे बात करते हुए, मैं महाराष्ट्र और देश के लोगों को भारत की राजनीति में आ रही एक विकृति से सावधान भी करना चाहता हूं।

## अब सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली:** संसद की स्थायी समिति ने देश में तंबाकू उत्पादों और अल्कोहल के सेवन पर प्रभावी रोक की सिफारिशें की हैं। समिति ने सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। समिति का मानना है कि इससे तंबाकू नियंत्रण अभियान प्रभावित होता है। सिंगल सिगरेट से खपत बढ़ती है। एयरपोर्ट के स्मोकिंग जोन को बंद किए जाने की सिफारिश भी की है। समिति के अनुसार जीएसटी लागू होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर टैक्स में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है।


## केजीएमयू-एसजीपीजीआई के साथ कनेक्ट होंगे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र: योगी



**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य सेवाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बहुत शीघ्र टेली कंसल्टेंसी और टेली मेडिसिन जैसी सुविधाओं से लैस होंगे। इसके तहत प्रदेश के 4600 से अधिक पीएचसी को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल के साथ ही एसजीपीजीआई तथा केजीएमयू से जोड़ दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष रूप से ट्रेंड भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन रविवार को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े देशभर के 22 राज्यों से आए स्वास्थ्य अधिकारियों और पांच राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री और 900 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर दो दिनों से कम्युनिटी हेल्थ पर मंथन करने में जुटे हैं। काशी भगवान शिव की नगरी है और शिव का अर्थ कल्याण होता है। काशी भगवान धनवंतरी की जन्मभूमि भी है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ये कर्मभूमि है। काशी में स्वास्थ्य को लेकर इस प्रकार की कार्यशाला हम सबको नया संदेश देगी।

**भारत ने मत-मजहब की नहीं सबके सुख और स्वास्थ्य की कामना की है:** ुख्यमंत्री ने सम्मेलन के थीम वाक्य "टू बिल्ड द वर्ल्ड, वी वांट हेल्दी फ्यूचर फॉर ऑल" को भारतीय भावना "सर्वे भवंतु सुखिन :, सर्वे संतु निरामया" के साथ जोड़ते हुए कहा कि भारत ने जाति, मत मजहब की बात नहीं की, पूरी दुनिया में सबसे सुख और आरोग्यता की कामना की।

## रूस की यात्रा नहीं करेंगे पीएम मोदी, पुतिन से बनाएंगे दूरी



**नई दिल्ली: यूक्रेन** जंग का असर भारत-रूस के सालाना शिखर सम्मेलन पर पड़ता सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल रूस नहीं जाएंगे। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध में परमाणु हथियारों का उपयोग करने की धमकी के बाद पीएम मोदी व्लादिमिर पुतिन के साथ वार्षिक व्यक्तिगत शिखर सम्मेलन आयोजित नहीं करेंगे। अधिकारी ने कहा कि भारत-रूस के बीच संबंध मजबूत हैं, लेकिन अभी दोस्ती का ढोंग करना मोदी के लिए फायदेमंद नहीं हो सकता है। रूसी सरकार के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने पुतिन-मोदी शिखर सम्मेलन की संभावनाओं के बारे में कहा- यह इस साल नहीं होगा।

**दूसरी बार नहीं मिलेंगे दोनों देशों के नेता:** भारत-रूस सालाना शिखर सम्मेलन एक रणनीतिक साझेदारी के लिए सर्वोच्च मंच है।

## लखीमपुर-खीरी कांड के गवाह के भाई पर हमला



**लखीमपुर-खीरी:** लखीमपुर खीरी में तिकुनिया कांड के मुख्य गवाह प्रभुजोत सिंह के छोटे भाई सर्वजीत सिंह पर जानलेवा हमला हुआ है। यह हमला एक मुंडन समारोह के दौरान हुआ है। तलवार से किए हमले में सर्वजीत के सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में मीडिया से बातचीत में प्रभुजोत ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे और तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा के इशारे पर भाई पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर से केस का ट्रायल शुरू होना है। वहीं, दूसरी तरफ इस संबंध में लखीमपुर पुलिस ने एक प्रेस रिलीज जारी की है। इसमें उसने कहा है कि इस पूरे मामले का तिकुनिया हिंसा से कोई लेना-देना नहीं है। पीड़ित पक्ष ने भी ऐसा कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने इस मामले में विकास कुमार चावला और विक्रम सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 और 504 में मुकदमा दर्ज किया है।

**भाई ने कहा- जिसने हमला किया, वह आशीष मिश्रा का खास आदमी:** मुख्य गवाह प्रभुजोत सिंह ने बताया, "शनिवार को दोस्त अनुज गुप्ता के बेटे के मुंडन में हम लोग गए थे। वहां विकास चावला भी था। वह पहले मुझसे उलझा, लेकिन हम वहां से हट गए। मेरे से 10 मीटर दूर मेरा भाई बैठा था। अचानक से विकास आया और मेरे भाई पर पीछे से तलवार से हमला कर दिया। जब तक मैं वहां पहुंचा तो वह भाई के सिर पर तलवार से दो बार वार कर चुका था।

## देश में महिला वोटर 48%, विधायक 15% भी नहीं



**नई दिल्ली:** देश के कुल मतदाताओं में 48% की हिस्सेदारी रखने वाली महिलाओं को सियासी हक देने में राजनीति हावी है। हिमाचल में पहली बार कुल 68 विधायकों में एक ही महिला है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 412 उम्मीदवारों में सिर्फ 24 महिलाओं को ही मौका दिया गया था। इसी तरह गुजरात में भी 560 उम्मीदवारों में महज 40 महिलाएं उतारी गई थीं, जिनमें से 15 जीत गईं। यानी चुनावी रण में महिलाओं का सक्सेस रेट पुरुषों से कहीं बेहतर है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के अलावा किसी भी राज्य में महिला विधायकों का आंकड़ा 14% भी नहीं है। 8 राज्य तो ऐसे हैं, जहां 50% से ज्यादा महिला वोटर हैं, फिर भी वहां के कुल विधायकों में बमुश्किल 5 से 8% ही महिलाएं हैं। मिजोरम में तो 51% महिला वोटर होने के बावजूद कोई महिला विधायक नहीं है। नगालैंड में भी कोई महिला विधायक नहीं है।

**भारत पड़ोसी देशों से भी पीछे:** लोकसभा में 14.94% और राज्यसभा में 14.05% ही महिला सांसद हैं। इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के डेटा की मानें तो दुनियाभर की संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी औसतन 18% है। पाकिस्तान में यह आंकड़ा 20% और बांग्लादेश में 21% है।

## गुजरात में दलबदल का खेल शुरू

### आप के एक और 3 निर्दलीय एमएलए भाजपा को समर्थन देंगे, चुनाव से पहले छोड़ी थी पार्टी



**जूनागढ़: गुजरात** में भाजपा की रिकॉर्ड जीत के बाद सोमवार को भूपेंद्र पटेल सीएम पद की शपथ लेंगे। शपथ समारोह से 24 घंटे पहले ही राज्य में दलबदल का खेल शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी के एक और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने पार्टी में शामिल होने से इनकार किया है। चार में से तीन पहले भाजपा में ही थे। आप विधायक भूपत भयाणी पहली बार जूनागढ़ जिले के विसावदर सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वे पहले भाजपा में भी रह चुके हैं। चुनाव से कुछ महीने पहले ही आप में शामिल हुए थे। हालांकि मीडिया से बातचीत में भूपत ने भाजपा में शामिल होने से इनकार किया है। भूपत ने कहा कि मैं पार्टी से गद्दारी नहीं करूंगा। इधर, तीन निर्दलीय विधायकों में से बायड़ से धवल झाला, धानेरा से मावजी देसाई और वाघोड़िया से धर्मेंद्र वाघेला शामिल हैं। झाला और मावजी देसाई भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद चुनाव से ऐन वक्त पहले निर्दलीय चुनाव लड़े और जीत भी गए। अब उन्होंने भी भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है।

**भाजपा 156, कांग्रेस 17, आप 5 सीटें जीतीं:** गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। आप ने 5 सीटें जीती हैं। निर्दलीय को तीन और सपा को एक सीट पर जीत मिली है।

**बीजेपी के दबंग नेता रहे हैं भूपत:** विसावदर विधानसभा चुनाव जीतकर आम आदमी पार्टी के विधायक बने भूपत भयानी इस क्षेत्र में बीजेपी के दबंग नेता के रूप में जाने जाते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी छोड़कर वे आप में शामिल हो गए थे। इस सीट से भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आए हर्षद रिबाडिया को टिकट दिया था। वहीं, कांग्रेस ने करशन वडोदरिया मैदान में थे। भूपत का सीधा मुकाबला हर्षद रिबाडिया से था, जिसमें भूपत ने 6904 वोटों से उन्हें हराया।

### जब गैर-आदिवासी लड़कियां संपत्ति की हकदार, तो आदिवासी बेटियां क्यों नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## आदिवासी बेटी पिता की प्रॉपर्टी की समान हकदार



**नई दिल्ली:** आदिवासी महिलाओं के उत्तराधिकार से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा है कि जब गैर-आदिवासी की बेटी पिता की प्रॉपर्टी में समान हिस्से की हकदार है तो आदिवासी बेटी को इस तरह के अधिकार से वंचित करने का कोई कारण नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र को इस मुद्दे की जांच करने और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रोविजन में संशोधन करने पर विचार करने का निर्देश दे दिया है। शीर्ष अदालत का यह निर्देश उस याचिका को खारिज करने के फैसले में आया है कि क्या अनुसूचित जनजाति से संबंधित एक बेटी, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रोविजन के तहत सर्वाइवरशिप के आधार पर एक्यूर्ड लैंड के संबंध में मुआवजे में हिस्सेदारी की हकदार है।

**आदिवासी महिला को भी जीवित रहने का अधिकार:**
जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा- केंद्र सरकार के लिए इस मामले को देखने का सही समय है और यदि आवश्यक हो तो हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रोविजन में संशोधन करे। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत अनुसूचित जनजाति की महिला को जीवित रहने के अधिकार से वंचित करने का कोई औचित्य नहीं है।

**70 साल बाद भी आदिवासी बेटी समान अधिकार से वंचित:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान, जिसके तहत समानता के अधिकार की गारंटी है, लेकिन आजादी के 70 साल बाद भी आदिवासियों की बेटी को समान अधिकार से वंचित किया जा रहा है।। केंद्र सरकार के लिए इस मामले को देखने का सही समय है।

## कर्नाटक के मंदिरों में अब सलाम नहीं संध्या आरती



**मंगलुरु:** कर्नाटक के कुछ मंदिरों में होने वाली सलाम आरती का नाम बदल दिया गया है। अब इसे संध्या आरती के नाम से जाना जाएगा। यह फैसला हिंदुत्व संगठनों की मांग पर लिया गया। इन संगठनों ने राज्य सरकार से टीपू सुल्तान के नाम पर होने वाले अनुष्ठानों को खत्म करने की मांग की थी, जिसमें सलाम आरती भी शामिल थी। हिंदू मंदिरों की देखरेख करने वाले स्टेट अथॉरिटी मुजरई ने शनिवार को छह महीने पुराने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। माना जाता है कि 18वीं शताब्दी में मैसूर शासक टीपू ने इन मंदिरों में अपनी यात्रा के दौरान आरती का नामकरण किया था। मेलकोट में ऐतिहासिक चालुवनारायण स्वामी मंदिर है। जहां हैदर अली और उसके बेटे टीपू सुल्तान के शासनकाल से हर दिन शाम 7 बजे सलाम आरती (मशाल सलामी) होती आ रही है। स्कॉलर और कर्नाटक धर्मिका परिषद के सदस्य कशेकोडि सूर्यनारायण भट ने इसका नाम बदलने की मांग की थी।

# भरद्वाज पार्क में अश्लीलता बंद हो, किया भावपूर्ण प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के प्राचीन भरद्वाज पार्क को उसके मूल स्वरूप यानी आश्रम के रूप में विकसित करने की मांग उठाई गई है। सैकड़ों की संख्या में साधु-संतों ने भरद्वाज पार्क के सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया और पार्क में अश्लीलता बंद करने की मांग की।साधु-संतों का कहना है कि यहां बड़ी संख्या में युवा जोड़े आते हैं और पार्क में अश्लीलता करते हैं। इससे सनातन धर्म की संस्कृति और आस्था को चोट पहुंच रही है।प्रयागराज विद्वत परिषद के प्रस्ताव के समर्थन में 2025 महाकुंभ से पहले संगम नगरी के साधु-संतों ने यहां महर्षि भरद्वाज के नाम पर स्थापित भरद्वाज पार्क को उसके मूल स्वरूप में लाने की सरकार से मांग की है। साधु संतों ने घंटा घड़ियाल और शंख की ध्वनि के साथ पूरे पार का भ्रमण भी किया।




**यह भरद्वाज पार्क नहीं आश्रम है**

यहां भरद्वाज पार्क पर एकत्रित हुए साधु संतों ने हाथों में तख्तियां लेकर महर्षि भरद्वाज आश्रम को पार्क लिखे जाने का विरोध किया। जगद्गुरू श्रीधराचार्य ने कहा कि प्रयागराज के मूल पुरुष महर्षि भरद्वाज के 10,000 शिष्य थे। इस आश्रम को पार्क बनाए जाने से यहां पर अश्लीलता हो रही है। साधु संतों की मांग है कि पार्क के स्थान पर आश्रम लिखा जाए और पूरे क्षेत्र को आश्रम जैसा विकसित किया जाए।

**महर्षि याज्ञवल्य ने यहीं सुनाई थी पहली बार रामकथा**

जगतगुरु ने इस पार्क की ऐतिहासिकता बताते हुए कहा कि महर्षि याज्ञवल्य ने महर्षि भरद्वाज को पहली बार रामकथा यहीं सुनाई थी। ऐसी दशा में यहां पर रामकथा होने की व्यवस्था की जानी चाहिए ना कि युवक युवतियां यहां अश्लीलता करें। महानिर्वाणी अखाड़े के महंत यमुनापुरी ने कहा कि भरद्वाज जी कई विद्याओं के ज्ञाता और प्रवर्तक थे और आयुर्वेद के जनक थे। ऐसी दशा में उनके नाम पर पार्क में शिक्षा के बजाय अश्लीलता होती है जो हम साधु संत बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**शिक्षा की जगह अश्लीलता बर्दाश्त नहीं**

जगद्गुरू घनश्यामाचार्य ने कहा कि हम वैष्णव के लिए यह आपत्तिजनक है कि जिस जगह से शिक्षा का प्रसार हुआ वहां पर इस समय अश्लीलता देखी जा रही है। इस आश्रम को जल्द से जल्द मुक्त किया जाए।जगतगुरु रामेश्वराचार्य खटला पीठाधीश्वर ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जहां आश्रम होना चाहिए वहां पार्क है इसे जल्द से जल्द मुक्त किया जाए।

## ट्यूशन टीचर ने मासूम से की अश्लील हरकत, मुकदमा दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मेजा में छह साल की मासूम से ट्यूशन टीचर ने अश्लील हरकत की। बच्ची ने घरवालों को आपबीती सुनाई तो वह स्तब्ध रह गए। पिता ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। बच्ची के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी कक्षा एक की छात्रा है। उसने बताया कि पड़ोस में ही सत्येंद्र पांडेय किराये पर रहता है, जो एनटीपीसी में अप्रेंटिसशिप कर रहा है। शाम को वह उसकी दोनों बच्चियों को ट्यूशन पढ़ाता था। रोज की तरह दोनों बच्चियां छह दिसंबर को भी ट्यूशन पढ़ने गई थीं। इसी दौरान बड़ी बेटी बाथरूम गई। आरोप है कि तभी सत्येंद्र ने उसके साथ अश्लील हरकत की। यही नहीं, उसने बच्ची को यह भी कहा कि वह यह बात किसी को भी न बताए। पिता ने बताया कि उस रात बच्ची ने घर आकर खाना नहीं खाया। सुबह स्कूल जाने से भी मना करने लगी तो मां ने डांटकर स्कूल भेज दिया। अगले दिन यानी आठ दिसंबर को स्कूल से आने बाद बच्ची ने दोबारा खाना खाने से मना किया तो मां ने उसे पास बैठाकर इसकी वजह पूछी। इसके बाद बच्ची ने पूरी बात बताई तो मां स्तब्ध रह गई। पिता का कहना है कि पत्नी ने जानकारी दी तो वह आरोपी का इंतजार करने लगा। जैसे ही आरोपी आया, माता-पिता को देखते ही भाग निकला। इसके बाद पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। कैंट इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एक किलो गांजा के साथ सोरांव थाने का इनामिया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** सोरांव थाने का इनामिया को मऊआइमा पुलिस ने घेराबंदी करके जब गिरफ्तार किया तो उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। मऊआइमा थाने की फोर्स वांछित, गिरफ्तारी हेतु जब हरखपुर और महरौंडा मोड पर खडी थी। तभी मुखबिर की सूचना पर वह गदियानी और हरिसेनगंज मार्ग पर एक बिरयानी की दुकान पर एक युवक को खडा देख कर पुलिस ने घेराबंदी करके युवक को जब गिरफ्तार किया तो उसके झोले में एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम शोएब पुत्र स्वर्गीय मुन्नवर अली ग्राम हुलासगंज दहियावां बाजार थाना होलागढ़ बताया तथा यह भी बताया कि वह गोवध और पशुक्रूरता का वांछित है और सोरांव थाने का इनामिया है। पुलिस ने शोएब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने पक्के घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को अरैल के नए पक्के घाट पर कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुशवाहा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि मां गंगा के आंचल को पालीथीन और गंदगी से मुक्त रखना हम सबका मूल कर्तव्य होना चाहिए, जिससे जलीय जीवों को कोई नुकसान न पहुंचे। साथ ही साथ आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं साफ सुथरा घाट स्नान हेतु मिल सके। संस्थान प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी ने दिसंबर माह में होने वाले वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु स्वच्छता अभियान के पश्चात मीटिंग में कहा कि आगामी सम्मान समारोह में सरस्वती संस्थान के पदाधिकारियों, सदस्यों,समाज में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक सेवको एवं पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा पिछले वर्ष की भांति।कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, महेश प्रसाद केसरवानी, सहदेव चौरसिया, राजकुमार विश्वकर्मा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, संगम लाल विश्वकर्मा,आत्म प्रकाश यादव,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, ऋषि दीक्षित,बब्रुवाहन सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डां एस.बी.यादव, रवि पटेल, संदीप सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, समरेंद्र मिश्रा,शांभवी मिश्रा,तुलसी तिवारी,रिद्धि मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## जीएसटी अधिकारियों की छापामारी से मऊआइमा में मचा हडकंप

### एक सप्ताह से बाजारों में सन्नाटा पसरा छोटे मोटे गरीब कारोबारी परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** एक सप्ताह से मऊआइमा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जीएसटी अधिकारियों की छापामारी से बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। तथा जीएसटी के दायरे में न आने वाले छोटे मोटे कारोबारी तथा रोजमर्रा कमाने खाने वाले भी परेशान हैं।



सभी जीएसटी अधिकारियों को कोस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा तथा आस पास गांव क्षेत्रों में छोटे बडे कारोबारी एक सप्ताह से निरंतर आ रहे जीएसटी अधिकारियों से दुखी हैं। सभी का कारोबार बंद पडा हुआ है। बताते हैं कि पूरे मऊआइमा कस्बा में सुबह से दुकानों के खुलने बंद होने का खेल चलता रहता है। इन दिनों चल रही ब्याह शादी में जहां मऊआइमा कस्बा की मार्केट में चहल पहल भीड रहती थी। वहां जीएसटी के डर से दुकानें बंद कर दुकानदार इधर उधर खडे होकर चुपके से सामान दे कर दुकानें बंद कर देते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब ,रोजमर्रा कमाने वाले मजदूरों की है वह सुबह दुकानों पर आ कर काम करते थे। शाम को पैसा लेकर अपने घरों के भोजन का इंतजाम करते हैं। दुकनें बंद होने से मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है। फुटकर बिक्रेताओं की दशा बडी दयनीय है।वह चाह कर भी जीएसटी अधिकारियों के डर से दुकनें नहीं खोल रहे हैं। कई दुकानदारों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि वह अपनी दुकानों का रजिस्ट्रेशन कराए हैं परन्तु कंपटीशन के इस दौर में वह नम्बर एक का कारोबार काम करना चाहते हैं। परन्तु वह ऐसा इस लिए नहीं कर पा रहे हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन के दुकानदार अपना सामान बिना रसीद के सस्ते में बेच देते हैं। अधिकांश ग्राहक सस्ता सामान खरीदना चाहते हैं। कोई जीएसटी बिल देकर सामान नहीं खरीदना चाहते हैं। बहरहाल जीएसटी अधिकारियों के छापामारी से क्षेत्र में हडकंप और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## चोरी के मामले में तीन युवकों को ग्रामीणों ने पीट कर किया पुलिस के हवाले

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना के अंतर्गत बसरिया गांव निवासी इंद्र बहादुर पटेल उर्फ दूधनाथ जो दूध की डेरी चलाते है। जिनके घर पर बीस दिन पूर्व चोरी हुई थी।जिसमे 30 हजार नगदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी हुआ था।जिसे लेकर दूधनाथ ने अज्ञात में चोरी की तहरीर करछना थाने में दिया था।जिनके द्वारा पड़ोस के ही युवक आत्मानन्द की गतिविधि को लेकर आशंका होने पर पकड़कर जमकर पिटाई करने पर युवक ने चोरी की घटना को कबूल किया साथ ही गांव के दो साथियों का नाम शिवा और चंदशेखर के शामिल होने की बात बताया।जिस पर ग्रामीणों ने तीनों को पकड़कर पीटने के बाद रविवार की सुबह करछना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत साथी घायल

हनुमानगंज। सराय?इनायत थाना के वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस एसआरएन में भर्ती कराकर शव को पीएम के लिए भेजा। कतवारुपुर गांव निवासी मनीष मौर्या 23 पुत्र राम कुमार मौर्य गांव के अपने साथी मंगला मौर्य 22 पुत्र लाल बहादुर मौर्य के साथ बाइक में पेट्रोल लेने हनुमानगंज बाजार गया था। पेट्रोल लेकर दोनों लौट रहे थे अपने गांव के सामने पहुचे ही थे तभी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही सरायइनायत एस?ओ अरविंद कुमार राय मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को सीएचसी बनी भेजा। जहां डक्टरो ने मनीष को मृतक घोषित कर दिया वही गंभीर रूप से घायल मंगला को एस?आर?एन रेफर कर दिया। मनीष की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मनीष दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह बिरगापुर स्थित एक कॉलेज से बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसके पिता किसानी करते हैं। वह घर का खर्च चलाने के लिए घायल मंगला के साथ शादी विवाह में फोटोग्राफी का काम करता था।

## मुख्यमंत्री की तस्वीर के सामने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सामूहिक उपवास आज

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन एवं मातृ शिशु कल्याण कर्मचारी संघ संयुक्त मोर्चा का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर 12 दिसंबर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष तथा स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुरुष एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला संयुक्त रूप से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी जी के तस्वीर के सामने उपवास अपनी मुख्य मांग एक ही पद के दो वेतनमान जिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति नवंबर 2011 के पूर्व की है उन्हें 2800 का ग्रेड वेतन दिया गया है एवं 2011 के बाद के नियुक्त कार्यकर्ता महिला एवं पुरुष को उसी पद पर उसी कार्य के लिए 2000 का ग्रेड वेतन दिया जा रहा है इसके संबंध में महानिदेशक परिवार कल्याण स्तर से शासन को प्रस्ताव गया लेकिन इस पर सरकार ने कोई सुनवाई आज तक नहीं की की गई ' इस मुख्य मांग के अलावा अन्य जायज मांगों को लेकर महानिदेशक स्तर पर कई बार वार्ता हो चुकी है लेकिन आज तक परिणाम नहीं निकल कर आया इन सब बातों को लेकर प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर यह उपवास कार्यक्रम होना तय हुआ है यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से शांति पूर्वक संपन्न हो इसके लिए सभी कर्मचारी कमर कस के तैयार हैं इसके संबंध में २१नवम्बर 2022 को महानिदेशक परिवार कल्याण प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को दिया जा चुका है।

## शुआट्स में भारतीय भाषा दिवस मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** बहुभाषावाद को मजबूत करने और लोगों को अधिक भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुआट्स ने रविवार को एग्रोनॉमी लेक्चर हॉल में भारतीय भाषा दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, इसके बाद एनएसएस गीत गाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दी विभाग के प्राध्यापक एवं एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएँ एक-दूसरे की पूरक हैं। भारतीय भाषाओं में समानता भारतीयों के प्राथमिक एकीकृत कारकों में से एक रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सुझाए गए अनुसार अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण विकसित करने के लिए 'भाषा सद्भाव' बनाने की आवश्यकता है।

डॉ. दीपक कुमार बोस, एसोसिएट प्रोफेसर और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर स्वागत किया और कहा कि आज महान कवि सी सुब्रमण्यम भारती की जयंती है, जिन्हें उत्तर और दक्षिण दोनों के बीच सेतु माना जाता था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के पीछे एक बढ़ती गति बनाने में मदद करेगा और लोगों को भाषाओं के माध्यम से राष्ट्र की एकता, सद्भाव और अखंडता का अनुभव कराने में मदद करेगा जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री सत्यम कुमार केसरी, सहायक समन्वयक, एनएसएस ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए भारतीय भाषाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और लोगों और व्यापक समाज के बीच अधिक सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने का समय आ गया है। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हीरा बोस, डॉ. ओ.पी. वर्मा, डॉ. अनीशा वर्मा सहित कुल 137 एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे।



## डी पी एस में मनाया गया वार्षिक खेल प्रतियोगिता दिवस एवं वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** के नैनी अरैल स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सुरम्य प्रांगण में वार्षिक खेल प्रतियोगिता दिवस हर्षोल्लास के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल की स्वर्णिम बेला में मुख्य अतिथि समीत गोपाल (न्यायधीश हाईकोर्ट झ प्रयागराज), विशिष्ट अतिथि आशीष कुमार श्रीवास्तव (रजिस्ट्रार प्रोटो कॉल हाइकोर्ट प्रयागराज), आजम अली कुरैशी (इंटरनेशनल हाकी प्लेयर), सुनीता बी जॉन (एच० ओ० डी० फिजिकल एजुकेशन शुआट्स) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ० सुजाता सिंह , शिक्षक गण एवं विद्यार्थी गण की उपस्थिति में किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात मार्चपास्ट के भव्य प्रदर्शन द्वारा विदयार्थियों ने सबको सम्मान देते हुए मंत्रमुग्ध कर लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ० सुजाता सिंह ने सबका हार्दिक अभिनंदन करते हुए, धन्यवाद ज्ञपित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए खेल के महत्व को समझाया और कहा कि जीत हासिल करने की भावना के साथ झ साथ परस्पर भाईचारे की भावना होनी चाहिए। सभी विद्यार्थियों को इन्हीं नेक एवं स्वस्थ विचारों के साथ हर प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी मंजिल तक पहूँचकर जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। शपथ ग्रहण करने के पश्चात मीट का शुभारम्भ हुआ। इंटर हाउस प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट, बास्केटबॉल, शॉटपुट, लानटेनिस, टेबलटेनिस, चेस, फुटबाल, स्केटिंग, रेस में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले हाउस को ट्रॉफी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जो सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी । सूर्यास्त की आभा से देदीप्यमान डी० पी० एस० प्रयागराज के सुरम्य प्रांगण में वार्षिक खेल प्रतियोगिता दिवस के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री मनोज सिंह (एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, एनवायरमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज, गवर्नमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश) के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय की अध्यक्षा माननीया सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ० सुजाता सिंह, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अतिथिगण की उपस्थिति में किया गया ।गीत, संगीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया ।उपस्थित जन कृष्ण कथा का श्रवण एवं दर्शन कर झूम उठे ।कृष्णमय हो गए ।भावपूर्ण कव्वाली के बोल एवं स्वर ने तो लोगों को भाव विभोर कर दिया ।प्राचार्या ने तहे दिल से सबका अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ।उपस्थित अतिथि गण ने भी अपने वक्तव्य द्वारा बच्चों में उत्साह भर दिया और दृढ़ संकल्प कर आशा के साथ मंजिल तक पहुँचने का संदेश दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## हाथ की मेहंदी छूटने से पहले ही विधवा हो गई सीमा, पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** क्षेत्र के मनकवार गांव निवासी सीमा कुशवाहा और चम्पतपुर गांव निवासी अगम लाल की जोड़ी एक पखवाड़े भर भी साथ नहीं रह पाई ।शादी के एक सप्ताह पति के साथ ससुराल में रही सीमा मायके चली गई और रविवार के दिन उसे बुलाने के ससुराली जन गए थे कि इधर अगमलाल ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या हत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। तब तक मायके से सीमा भी आ गई तो घटना सुन देख उसके होश उड़ गए।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घूरपुर थाना क्षेत्र के चम्पतपुर गांव निवासी अगम लाल 28 पुत्र राधेश्याम मौर्य का विवाह विगत 25 नवम्बर को मनकवार गांव निवासी सीमा कुशवाहा के साथ हुआ था ।एक सप्ताह तक सीमा पति के घर रही और उसके बाद मायके चली गई। रविवार के दिन ससुराली जन सीमा को बुलाने के लिए गए थे ।इधर दोपहर के समय अचानक अगम लाल अपने कमरे में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया तब तक मायके से सीमा भी आ गई और घटना देख दहाड़ेमारकर चीखने चिल्लाने लगी ।अगम लाल की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि आपसी कलह के कारण घटना घटित हुई ।

## शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने ऐतिहासिक दार्शनिक स्थल देख खुशी जताई

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** बीएमजी इंटर कॉलेज बघेडा के छात्र व छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण शनिवार शाम को वापस हुआ। जिसमें विद्यार्थी लोग खुश रहे ।कालेज के व्यवस्थापक व शैक्षणिक भ्रमण के संयोजक रहे धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि भ्रमण में प्रयागराज शहर के अधिकांश ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों का ज्ञानार्जन हेतु विद्यार्थियों को अवलोकन कराया गया। जिसमें चंद्रशेखर आजाद पार्क आनंद भवन ऋषि भरद्वाज आश्रम चिल्ड्रेन पार्क सहित अन्य और ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थल शामिल रहे। क्षणिक भ्रमण में कालेज के प्रधानाचार्य भगवान दास यादव सुरेंद्र बहादुर सिंह दीपाली सिंह स्वाति सिंह प्रिंसी पांडेय जोत्सना कात्यायनी मनोज कुमार रेखा सहित आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग शामिल रही।



# भारत जोड़ो यात्रा लेकर निकले कांग्रेसी, 22 दिसंबर को वाराणसी में समाप्त होगी यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूपी के पूर्वांचल में जनता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए कांग्रेस 450 किमी की पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जनपद से निकलकर के अलग-अलग जिलों से होते हुए 22 दिसम्बर को वाराणसी में समाप्त होगी। रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने पार्टी का झंडा दिखाकर यात्रा को आगे के लिए रवाना किया। पूर्वांचल जोन के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 12 दिवसीय यात्रा निकली गई। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय समेत पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी, राघवेंद्र सिंह, विवेकानंद पाठक समेत अन्य नेता सुबह 9 बजे संगम स्नान के बाद मनकामेश्वर मंदिर में पूजन अर्चन



किया। इसके बाद कांग्रेस सेवादल ने परम्परागत तरीके से ध्वज वंदन किया गया। यहाँ से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज प्रांतीय अध्यक्ष को देकर यात्रा शुरू की गई। दोपहर 1:15 बजे निकली यात्रा कीटगंज, कोठा पार्चा, बहादुरगंज, कोतवाली, रानी मंडी, अटाला, नूरउल्ला रोड, खुल्दाबाद चौराहा, नखासकोना होते हुए बड़ी स्टेशन पर समाप्त की गई। यात्रा के दौरान जगह जगह लोगो ने यात्रियों को फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर के स्वागत किया। अजय राय ने कहा की यह यात्रा नफरत हिंसा और डर के खिलाफ है, जिसे देश में फैलाया जा रहा है। भाजपा का तरीका यही है। सबसे पहले, डर फैलाना। युवाओं, किसानों और आम लोगों में डर फैलाना। जब डर फैल जाता है तो उसे हिंसा में बदल देते हैं। हिंसा डर का ही रूप है। जो डरता नहीं है, वह हिंसा भी नहीं कर सकता। जो डरता है, वह ही हिंसा करता है। डर मिटाना हमारा लक्ष्य है। इस हिंदुस्तान में किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, सुरेश यादव, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, संजय तिवारी, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, तस्लीम उद्दीन, करमचंद फुजैल हाश्मी, वसीम अंसारी, हरिकेश त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, अखिलेश यादव, देवी पाण्डेय, जितेश मिश्रा, राकेश पटेल, आशीष पाण्डेय, मनोज पासी, हिना कौसर, सिंधु सिंह, विवेक पाण्डेय, सिद्धनाथ मौर्य, दिनेश सोनी, जिया उबैद, मो०हसीन, सुनील यादव, विवेक पाण्डेय, राजेंद्र पासी, दिनेश चौधरी,तबरेज अहमद, समेत आदि लोग मौजद रहें।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भाजपा नेता की टोंस नदी परिक्रमा शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला की रविवार को चौकी गांव से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन के बाद परिक्रमा शुरू हो गई।

बता दें कि भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने टोस नदी की परिक्रमा कर नदी के किनारे बसे लोगों को नदी की महत्ता के प्रति जागरूक करने का बीणा उठाया है। भाजपा नेता का उद्देश्य है कि जिस तरह से गंगा की पूजा अर्चना की जाती है उसी तरह से टोंस नदी की भी पूजा-अर्चना होनी चाहिए। गंगा की तरह लोग नदी की महत्वा को लोग जाने तथा नदी के किनारे निवास करने वाले लोग उसे स्वच्छ रखने में मदद करें इसी उद्देश्य को लेकर 11 दिन की इस पद यात्रा का शुभारंभ हो गया यह यात्रा कुल 156 किलोमीटर की होगी। यात्रा को 11 दिन में पूर्ण करने का का लक्ष्य रखा गया है भाजपा नेता के इस पदयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हैं।



# पेड़ की छटाई कर रहे युवक पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला



**अखंड भारत संदेश**

**उतराव।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करुवा डीह गांव में रास्ते के बगल पेड़ की छटाई कर कर रहे एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। वही लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से मारकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। करुवा डीह थाना फूलपुर निवासी शिव चंदन भारतीय जो मजदूरी करता है।

शनिवार शाम को रास्ते की बगल मीं लगे पेड़ रास्ते श्री चंदन के घर के बगल से गए रास्ते पैकेट मैं पेड़ की डाल चुग जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी वहीमैं पेड़ की डाल झुक जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी।वही युवक द्वारा पेड़ की डाल की छटाई कर रहा जो। इतने में ही पड़ोस के दबंगों द्वारा युवक पर लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें युवक से चंदन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। वही पति को पिटता देख पत्नी बीच बचाव में आई तो दबंगों ने उसकी पत्नी गुंजा देवी को भी जमकर पीटा। पत्नी के शोरगुल पर ग्रामीणों ने जान बचाई। मारपीट में घायल गंभीर रूप से घायल युवक शिव चंदन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मारपीट में घायल युवक की पत्नी ने स्थानीय थाने में लिखित दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।मामले की जाँच पुलिस कर रही है।

# गोसेवा आयोग अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** रविवार को सोरांव अस्थाई गो आश्रय स्थल का छत्तीसगढ़ गोसेवा आयोग के अध्यक्ष व उनके सदस्यों ने गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां की साफ सफाई, पशुओं का देखरेख आदि व्यवस्था देखकर अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, उप पशु चिकित्सा अधिकारी राज कुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद संग सभी गो सेवकों को तहे दिल से आशीर्वाद व धन्यवाद दिए। जानकारी के अनुसार सोरांव ब्लॉक क्षेत्र के अस्थाई को आश्रय स्थल सोरांव का औचक निरीक्षण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ गोसेवा आयोग के अध्यक्ष संग सदस्य गणों ने क्षेत्र के सोरांव गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत सोरांव का अस्थाई गोआश्रय स्थल देख कर संतुष्टि जाहिर की इतना ही नहीं ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम



प्रधान, पशु अधिकारी व गो सेवकों को तहे दिल से इस बढ़िया व्यवस्था के लिए धन्यवाद भी दिए। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार , उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार , पशुधन प्रसार अधिकारी सुभाष चंद्र, ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार,ग्राम प्रधान शाहिद अली, ग्राम पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव,गौपालक और चौकीदार उपस्थित रहे।

# मेजा पुलिस द्वारा वांछित आरोपी किया गया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ आपराधिक बल का प्रयोग करके उसके सम्मान को ठेस पहुचाने की धारा में वांछित चल रहे आरोपी को चौबीसी घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के कड़ी में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर सौरभ दीक्षित व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र के निर्दे शन में प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक नीलेश मौर्या व हेड कांस्टेबल संजय सिंह ने थाने में पंजीकृत 728/22 धारा 354 ख में दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। मेजा पुलिस को आरोपी व्यक्ति बालगोविंद पुत्र चतुर्भुज निवासी औता थाना मेजा प्रयागराज उम्र 48 वर्ष को दर्ज अपराध मुकदमे के महज 24 घण्टे के भीतर पकड़ने में सफलता हाथ लगी।

# पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने लखनपुर स्थित मेजा फिलिंग स्टेशन का किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** रविवार को पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने लखनपुर स्थित मेजा फिलिंग स्टेशन का लोकार्पण किया। रईश शुक्ला के द्वारा पेट्रोल पंप के पास सीएनजी फिलिंग स्टेशन बनवाया गया है। पूर्व विधायक



ने रविवार को फीता काटकर सीएनजी स्टेशन का लोकार्पण किया इस अवसर पर पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कहा कि आने वाला कल सीएनजी का है और सीएनजी के उपयोग से वातावरण प्रदूषण मुक्त होता है। वहीं पेट्रोल डीजल की अपेक्षा सीएनजी सस्ती और बेहतर है तथा पूर्व विधायक ने रईस चंद्र शुक्ला को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनंद कुमार उर्फ कलक्टर पाण्डेय, सपा जिलाध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, पूर्व प्रमुख मांडा अशोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी ईं नित्यानंद उपाध्याय, संतलाल सिंह यादव, विजयकांत मिश्र, तुलसीदास तिवारी, प्रभुनाथ मिश्र, पप्पू उपाध्याय, टुनटुन तिवारी, राहुल तिवारी, राजू तिवारी, धीरज दुबे ,राहुल मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रईश चंद्र शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।



# प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती की प्रधानाध्यापिका ने यातायात सुरक्षा की निकाली रैली

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** शनिवार को सराय बृसिंह उर्फ सराय बाहर के हरिजन बस्ती प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्या स्नेहलता के सौजन्य से विद्यालय में पढ़ रहे सभी बच्चों की सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों दी और यातायात के नियमो का उल्लंघन न करने की शपथ भी दिलाई।तथा ग्रामीणों को जागरूकता के लिए एक रैली भी निकाली।इतना ही नहीं प्रधानाध्यापिका ने गांव में रैली निकालकर एक मिसाल भी कायम किया। तथा लोगों से मिलकर सड़क सुरक्षा और यातायात के बारे में विस्तृत जानकारी भी दिए। स्नेहलता ने कहा कि यात्रा करते समय यातायात नियमों का पालन करें। तथा सावधानी भी बरतें तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका स्नेह लता, सहायक अध्यापिका प्रतिमा जायसवाल,प्रतिभा विश्वकर्मा अध्यापिका मीना शर्मा,मोना त्रिपाठी आदि लोग रहे।

# नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ अमित कुमार पांडेय ने बताया कि मानवाधिकार की तीन पीढ़ियां हैं प्रथम पीढ़ी में राजनीतिक एवं नागरिक अधिकार, द्वितीय पीढ़ी में सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार तथा तृतीय पीढ़ी में शांति का अधिकार, विकास का अधिकार, स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार आदि है जिसे कोलेक्टिव राईट, पीपुल्स राईट, ग्रुप राईट

भी कहा जाता है।उन्होंने बताया कि मानवाधिकार, प्राकृतिक अधिकार, मौलिक अधिकार, बच्चों के अधिकार, महिलाओं के अधिकार, आदि का समन्वित रूप है जिसमें भारतीय दर्शन के मुख्य ध्येय जियो और जीने दो का दर्शन समाहित है। विभाग के वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ छविनाथ उपाध्याय ने मानव अधिकारों को प्राकृतिक अधिकारों का दूसरा रूप बताया और छात्रों से अपने अधिकारों के प्रति सचेत एवं जागरूक रहने का आह्वान किया। परास्नातक राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र योगेश दुबे, बंदना गिरी, रोहित यादव एवं बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा दीक्षा मिश्रा ने मानवाधिकार के विषय में अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमित कुमार पांडेय तथा संयोजन अमित सिंह ने किया कार्यक्रम में कुल 72 छात्राएं एवं 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# नि:शुल्क स्वास्थ शिविर मे सैंकडों मरीजों कि जांच कर दि गई मुफ्त दवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सुल्तानपुर भावा वार्ड नंबर 93 में हमीदिया डिग्री कालेज के पास लगे पार्षद गौसिया समद पति पूर्व पार्षद अब्दुल समद द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर मे यूरिक एसिड, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर व ऑखों कि जांच समेत लगभग 374 मरीजों को मुफ्त में दवाई भी दी गई। वार्ड 93 हमीदिया डिग्री कालेज के पास लगे शिविर में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक मरीजों का तांता लगा रहा जिसमें खुल्दाबाद, नुरुल्लाह रोड, पूरा मनोहर दास बगिया, रोशन



बाग, गौस नगर, हिम्मत गंज, हरवाया, छोटा बघाड़ा, कटरा, बख्शी बाजार, अहमदगंज, करैलाबाग, नूर उल्ला रोड, बैदन टोला, करैली, कीटगजं, दायरा शाह अजमल सहित अन्य क्षेत्रों से आए मरीजों की भी जांच करते हुए उचित सलाह के साथ दवाई भी दी गई।नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर में गाईनोलॉजिस्ट डाक्टर नाज फात्मा, एम डी मेडीसीन डाक्टर ईशान जैदी, जनरल फिजिशियन डाक्टर जमशेद अली, आई स्पेशलिस्ट डाक्टर अभिषेक कनौजिया, डाक्टर आरिफा, नाज हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव, डाक्टर नावेद शेख, मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी, पार्षद अब्दुल समद , रुखसार बेगम, पुष्पेन्द्र यादव, मो० रेहान, अशरफ, इसरार, समीर, इरशाद अहमद, उबैद, फैज, हम्जा आदि शामिल रहे।

# भाजपा नगर निकाय चुनाव को लेकर की संगठनात्मक बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** संगठनात्मक दृष्टिकोण से गंगापार के जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी ने पार्टी कार्यालय अन्दावा में नगर निकाय चुनाव की संगठनात्मक बैठक में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष एंव मण्डल प्रभारी तथा वार्ड संयोजक एंव प्रभारियों की बैठक में कहा कि संगठन के कार्यों में निरन्तर योगदान कर रहे कार्यकर्ता का सम्मान पार्टी करती आ रही है और आगे भी करेगी कार्यकर्ता के बलपर ही संगठन चुनाव लड़ता है। हमारे कार्यकर्ता आने वाले समय में भारी मात्रा में चेयर मैन,पार्षद, सभासद बन कर अपने अपने क्षेत्र में योगी मोदी के विकास की गति तेजी से बढाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर बैठक को क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र कमलेश जी, फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, सांसद केशरी देवी पटेल सहित आदि ने अपने संबोधन में कार्यकताओं से कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ही हैं जो ठण्डी गर्मी बरसात के मौसम में भी बिना रुके धके संगठन के कार्यक्रम को संचालित करने के लिए मेहनत कर भाजपा को परम वैभव तक ले जाने मे सहयोग करते हैं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज निषाद ने किया। बैठक में मुख्य रुप से नगर निकाय चुनाव जिला संयोजक किरन त्रिवेदी, जिला प्रभारी कविता पटेल, वरिष्ठ नेता रमाशंकर शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला मिडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, मृगेन्द्र सिंह, जय शुक्ल, तरुण मिश्र, तुलसी राम सरोज, सन्तोष शुक्ल, रामपलट पटेल, ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू , महेश पाण्डेय, आलोक गुप्ता, हरिभूषण सिंह, सरोज श्रीवास्तव, रुपम त्रिपाठी, आत्मा धर द्विवेदी, रोहित केशरी, सुरेश विश्वकर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाइक रोककर युवक की पिटाई, पुलिस कर रही जांच

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** उमरी मय टटिहरा गांव में बीती रात निमंत्रण से लौट रहे बाइक सवार युवक की अराजक तत्वों ने जमकर पिटाई करने लगे, शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण जैसे ही मौके पर पहुंचे अराजक तत्व भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के बिगहिया गांव निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल शुक्रवार को रात में मोटरसाइकिल से अपने बड़े भाई के साथ निमंत्रण से वापस घर लौटते समय थरवई थाना क्षेत्र के उमरी मय टटिहरा गांव के सामने पहुंचने पर कुछ अराजक तत्वों ने बाइक को रोक लिए और जितेन्द्र कुमार की जमकर पिटाई करने लगे। जिससे शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों के हस्तक्षेप से अराजक तत्व फरार हो गए। इस संबंध में जितेन्द्र कुमार ने थरवई थाना में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है जिसकी पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

# विधायक बारा वाचस्पति ने लगाया जनता दरबार सुनी जन समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा विधायक वाचस्पति ने जनता दरबार लगाया सुनी समस्याएं एम बी कॉन्वेंट स्कूल गौहनिया में लगाया गया जनता दरबार क्षेत्र से आई समस्याओं का फोन के माध्यम से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया इस दौरान पशु बाड़ा से संबंधित उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा गया अंत्येष्टि स्थल मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा गया संबंधित विभागों को विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया क्षेत्र से आए हुए बीजेपी के पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष अपना दल निषाद पार्टी एमबी ग्रुप के समस्त कार्यकताओं ने वा जनप्रतिनिधियों ने जनता दरबार में उपस्थित रहे फूलचंद पटेल, संदीप पटेल, जगत शुक्ला, उमेश शुक्ला, विमल प्रधान, निषाद पार्टी से नितेश



कुमार निषाद, विजय कुमार निषाद विधायक प्रतिनिधि, अशोक कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, सुरेश प्रधान चिल्ली, विधानसभा क्षेत्र से आए हुए समस्त जनता की समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देशित किए ।

# अवधूत नाथ स्वामी सेवा समिति द्वारा मैच का उद्धघाटन विधायक बारा ने किया

**अखंड भारत संदेश**



**लालापुर।** क्षेत्र के माझीयारी गाँव मे अवधूत नाथ स्वामी सेवा समिति के तत्वावधान मे जय मां यमुना क्रिकेट क्लब मझियारी तरहार मे मैच का आरंभ हुआ जिसका उदघाटन माननीय विधायक वाचस्पति द्वारा टूनामेंट का उद्घाटन किया गया । और पहली टीम अमिलिया बनाम गोझवार से हुआ जिसमें अमिलिया टीम ने पहले बैटिंग की और 100 रन का लच्य गोझवार को दिया गोझवार ने जवाब मे कप्तान शेखर सिंह की टीम ने 101 रन बना के जीत हासिल कर ली इस मौके पर ग्राम प्रधान उमाशंकर मिश्र जी, बीजेपी मण्डल अध्यक्ष वंदना सिंह जी ,उमेश शुक्ला समिति के अध्यक्ष अंकुश पाण्डेय अंश, विनोद पाण्डेय, लाला मिश्रा, विनय द्विवेदी, रनवीर मिश्रा , राहुल पाण्डेय, कुलदीप सिंह, बच्चा कपुरिहा तथाग्रामवासी एवं मित्रगण उपस्थित रहे।

**अमिलिया बनाम गोझवार से मैच का आरंभ हुआ**

# हैवान युवक ने मासूम को पटक-पटक कर उतारा मौत के घाट

## पिता-पुत्र के क्रोध का शिकार हुआ नौनिहाल, उदयपुर के पूरे चैहान पूरे भगवत की है घटना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को दोपहर में एक युवक का उसके पिता के बीच हुए विवाद का क्रोध गांव में खेल रहे मासूम बच्चे पर कहर बनकर टूट पड़ा। युवक ने उसे सड़क पर पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। उसकी हैवानियत देख रहे गांव के लोग दौड़े तो वह बच्चे को छोड़कर भाग गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन मासूम को लेकर थोड़ी ही दूर गए की उसकी सांसे थम गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना से स्तब्ध परिजनों का बुरा हाल हो गया।



फोटो 2-घटना स्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस।

उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे चैहान पूरे भगवत गांव निवासी अरविंद सिंह दोपहर में किसी बात को लेकर पिता से उलझ गया। वह वृद्ध पिता की जमकर पिटाई कर दी। पिता ने मामले की शिकायत गांव के प्रधान से की। मौके पर प्रधान पति पहुंचकर उसे समझने का प्रयास की, लेकिन वह उनसे भी भीड़ गया। यह देख गांव के लोग दौड़े लेकिन वह लोगो का आते देखकर भाग गया। कुछ देर बाद वह पुनः घर की ओर लौटा। गांव के कमलचंद्र सिंह का पांच वर्षीय पुत्र प्रियांशु सड़क पर खेल रहा था, इतने में वह उसके पास जाकर उसे सड़क पर उठाकर पटकने लगा। उसकी इस हैवानियत को देखकर ग्रामीण दौड़े तो वह भाग गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन सीएचसी सांगीपुर ले गए। मासूम की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन मासूम को लेकर जैसे ही कुछ दूर गए कि रास्ते में ही उसकी सांसे थम गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस संबंध में पुलिस का कहना है की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी ही तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न मदों में धनराशि खर्च की दरें निर्धारित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन-2022 हेतु प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न मदों में जो धनराशि व्यय की जायेगी उसका निर्धारण जिला स्तर पर गठित कमेटी की संस्तुति पर जिलाधिकारी द्वारा कर दिया गया है।

उन्होने टेन्ट हाउस की सामग्री के किराये के सम्बन्ध में बताया है कि प्रति नग प्रतिदिन फैंसी कुर्सी 12 रुपए, फाइवर कुर्सी 8 रुपए, मेज 14 रुपए, डायस 1000 रुपए, दरी 15 रुपए, सोफा 500 रुपए, वीआईपी कुर्सी 30 रुपए, मेजपोस 5 रुपए, गेट का निर्माण बैरियर 800 रुपए, तोरण द्वार का निर्माण प्रतिगेट 2000 रुपए, पोडियम/पंडाल का निर्माण (4-5 व्यक्तियों के लिये मानक आकार) 5000 रुपए, शामियाना प्रतिवर्ग फिट 71 रुपए, रजाई/तकिया/गद्दा चादर कम्पील सेट 50 रुपए, पण्डाल 15.15 प्रति स्कवायर फिट 9 रुपए निर्धारित है।

### वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जारी किया बयान

बैरिकेडिंग एक लाईन 16 रुपए प्रति मीटर, बैरिकेडिंग दो लाईन 25 रुपए प्रति मीटर, मजदूर 400 रुपए, बैरियर 317 रुपए प्रति नग तथा बैरिकेडिंग तीन लाईन 30 रुपए मीटर की दर निर्धारित की गयी है। वाहन के किराये की निर्धारित मानक दरों (ईंधन छोड़कर) प्रति नग प्रतिदिन के अनुसार जीप 1000 रुपए, मार्शल 1200 रुपए, टाटा सूमो 1500 रुपए, स्कार्पियों 2000 रुपए, सफारी 2500 रुपए, स्वराज मजदा 1500 रुपए, टेम्पो 500 रुपए, थ्री व्हीलर 500 रुपए, बोलेरो 1500 रुपए, इनोवा 2500 रुपए, मैजिक 1000 रुपए, ई-रिक्शा 500 रुपए, बस 2000 रुपए, ट्रक 3000 रुपए, मारूति वैन/मारूति कार 1000 रुपए, टैज्क्टर ट्रेलर 1500 रुपए, मोटर साइकिल 500 रुपए, हैण्ड साईकिल 100 रुपए तथा ड्राइवर का एक दिन का वेतन 500 रुपए निर्धारित है। इसी प्रकार भोजन एवं नाश्ता की दरों के सम्बन्ध में बताया गया है कि प्रति व्यक्ति चाय 6 रुपए, काफी 15 रुपए, भोजन सामान्य 80 रुपए, भोजन वीआईपी 250 रुपए, जलपान 40 रुपए निर्धारित है।

# एसपी ने उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा निरीक्षक/उ0नि0ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया गया जिसमें निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव प्र0नि0 थाना मान्धाता से गैर जनपद स्थानान्तरण/कार्यमुक्त किया गया। उ0नि0 पुष्पराज सिंह प्र0चै0 मकन्दूगंज थाना कोतवाली नगर से थानाध्यक्ष मान्धाता व उ0नि0 अर्जुन सिंह थानाध्यक्ष फतनपुर से थाना आसपुर देवसरा भेजा गया।

## मानवाधिकार व्याख्यानमाला का आयोजन कल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** 12 दिसंबर को अवधेशपुरम ऐंठू में मानवाधिकार व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। इस व्याख्यानमाला में किसी भी व्यक्ति के सामान्य जीवन यापन के लिए अपने परिवार, कार्य, सरकार और समाज पर कुछ अधिकार होते हैं। इस बैठक में सार्वभौमिक मानवाधिकारों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। डॉक्टर रणजीत सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को इस व्याख्यानमाला में भाग लेने का आह्वान किया है।

# मौर्य बंधुत्व क्लब के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 11 जोडे.

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा रविवार को चिलबिला के मौर्य रिसार्ट में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोडे. एक दूसरे के हुए। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य रविवार की अपरान्ह कार्यक्रम में पहुंचे।

उन्होंने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा इस तरीके का आयोजन किया जाना एक पुनीत कार्य है। ऐसे कार्यक्रमों से गरीबों को मदद मिलती है और फिजूल खर्ची से बच जाते हैं। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा हर वर्ष इस तरीके का कार्यक्रम किया जाता है, जिसकी जितनी सराहना की जाए, वह कम है। कार्यक्रम के आयोजन हरिप्रसाद मौर्य, इंजीनियर राम अचल मौर्य, डा0 षिवमूर्ति मौर्य ने स्वामी प्रसाद मौर्य व विधायक राजेन्द्र मौर्य का स्वागत किया।



नवदम्पत्तियों के साथ पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य।

# शहर को साफ-सुथरा रखने के लिये सड़क और नालियों का निर्माण जरुरीः प्रेमलता

## सदर बाजार व चिलबिला में इंटरलाकिंग सड़क व नाली का हुआ लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने रविवार को अपरान्ह में सदर बाजार वार्ड में बेल्हा देवी मुख्य मार्ग के समीप तीन लाख 75 हजार रुपये की लागत से निर्मित इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण किया।

इसके बाद चिलबिला में स्टेट बैंक के पीछे 5.25 लाख की लागत से निर्मित इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि नगर पालिका इस बात का प्रयास कर रही है कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिये हर गली, मोहल्ले में सड़क व नाली का होना बहुत जरुरी है। इसके लिये जहां-जहां आवष्यकता है, सड़कों व नालियों का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नगर पालिका लगातार सड़कों व नालियों का लोकार्पण कर नागरिकों को आवागमन व जल निकासी की सुविधा दे रही है। सदर बाजार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भगवती प्रसाद प्रजापति ने कहा कि इस वार्ड में सड़क और नाली की सुविधा हो जाने से लोगों को अब सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार सदर बाजार के कार्यक्रम में कुसुम सिंह, सुरेष केसरवानी के अलावा मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला, महेष, गायत्री के अलावा अनेक मौजूद रहे। चिलबिला में स्टेट बैंक के पीछे माधुरी यादव के घर के पास से हरीष के घर तक इंटरलाकिंग व नाली का भी निर्माण कराया गया।



इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण करतीं अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

# जीएसटी विभाग के खिलाफ व्यापार मण्डल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## सर्वे व छापे न रुके तो व्यापार मण्डल करेगा आंदोलनः मंजीत सिंह



सदर विधायक को ज्ञापन देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा जीएसटी विभाग द्वारा छापे व सर्वे के खिलाफ सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सीता रमण, भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से सदर विधायक को मुख्यालय व जनपद के प्रमुख बाजारों में जीएसटी व इनकम टैक्स सर्वे की छापेमारी की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला मंत्री अषोक कुमार सिंह ने कहा कि हम छापे व सर्वे का विरोध करते हैं। छापे व सर्वे से व्यापारी वर्ग भयभीत हो रहे हैं। सर्वे व छापे न रोके गये तो हमें बाध्य होकर विरोध प्रदर्षन करना पडेगा। ज्ञापन देने के दौरान मंजीत सिंह गोविन्द, संदीप रावत, नगर अध्यक्ष अमर केसरवानी, जगमीत सलूजा, प्रवीण खण्डेलवाल, शरद केसरवानी, पंकज मिश्रा, तुषार खण्डेलवाल, डा0 रमेष अग्रहरि, छोटेलाल, जीतलाल, नंदलाल, सतीष जायसवाल, सुनील कुमार, संतोष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## जीएसटी टीम के आने की ऊहा पोह में व्यापारी हो रहे परेशान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विगत एक सप्ताह से जीएसटी टीम के क्षेत्र में आने की ऊहा पोह में ब्यापारी दिन रात परेशान हो रहे है जिसके चलते कारोबार चैपट हो रहा है। जीएसटी टीम के आने का अफवाह भी जोरो पर चल रहा है जिसका नजारा मानिकपुर, आलापुर कालाकांकर नवाबगंज परियावां अंसारगंज व लवाना कुसुवापुर में देखने को मिल रहा है। अधिकारियों के आने की भनक मिलते ही धड़ा धड़ दुकानों के शटर डर के मारे ब्यापारी लोग बन्द कर देते है जिसमे बड़े दुकानदार के साथ छोटे दुकानदार डर के मारे दुकान बन्द कर देते है जिसको लेकर ब्यापारियों में अब इस बात का आक्रोश है कि आखिर कब तक व्यापारियों को इसी तरह परेशान किया जाएगा।

## अराजकतत्वों ने गुमटी में लगाई, जलकर हुई खाक

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरवलिया याकूबपुर (बड़ी नरौली) गांव में रजा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के निकट जीविको पार्जन हेतु गांव के अमजद हुसैन पुत्र स्व0 बकरीदी लकड़ी की गुमटी में खाद्य सामग्री के साथ स्कूल की कापी किताब स्टेशनरी की दुकान खोल रखी थी। रविवार की भोर पहर लगभग तीन बजे जब ग्रामीणों की नजर जल रहे गुमटी पर पड़ी तो भागकर अमजद हुसैन को बताया। आग लगने की खबर से गाँव मे हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाया लेकिन गुमटी के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदार अमजद हुसैन ने बताया कि लगभग 15 हजार रुपये का सामान व लकड़ी की गुमटी 15 हजार कीमत की जलकर पूरी तरह खाक हो गई जिसमें सहारा इण्डिया परिवार के अभिलेख रखें थे जो किसी अराजक तत्वो ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया। घटना की तहरीर नवाबगंज पुलिस को दी पुलिस जांच में जुटी हुई है मौके पर पहुची पुलिस ने आस पास के लोगो से शरारती तत्वो के बारे में जानकारी ली घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

# लूट की मोबाइल से रंगदारी मांगने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना रानीगंज के उ0नि0 योगेश चतुर्वेदी मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 360/2022 धारा 386, 507 भादवि की विवेचना के दौरान मुखबिर की इस सूचना पर कि थानाक्षेत्र के आचार्य सदाशिव डिग्री कालेज, राजापुर खरहर के पास दो व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।

इस सूचना पर उपरोक्त डिग्री कालेज के पास से ही दो व्यक्ति फरहान पुत्र मैनुद्दीन नि0ग्राम भैसौना थाना रानीगंज व अख्तर अली पुत्र शौकत अली ग्राम राजापुर खरहर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को दो अदद तंमचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त अवैध तमंचा/कारतूस बरामदगी के संबंध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 455/22 धारा 3/25 बनाम फरहान, 456/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अख्तर अली उपरोक्त पंजीकृत किया गया। बरामद वाहन को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### अवैध तंमचा व मोटर साइकिल बरामद

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो पहले भी जेल जा चुके हैं जब हम जेल में थे तो हमारी मुलाकात मुक्तदीर पुत्र मो0 शमीम नि0 चंघईपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ व उसके अन्य साथियों से दोस्ती हो गई थी। जेल से छूटकर 17 सितम्बर को हम लोग मुक्तदीर व अपने अन्य 04 साथी पावर हाउस रानीगंज तिराहे पर मिले तथा हम लोगों ने योजना बना कर 20 सितम्बर 2022 को थाना क्षेत्र मान्धाता में मुक्तदीर ने अपने एक साथी के साथ मेरी मोटर साइकिल लेकर एक साइकिल सवार व्यक्ति का मोबाइल व आईडी कार्ड छीन लिया। जिसके संबंध में थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 309/22 धारा 392 भादवि पंजीकृत है, तथा 21 सितम्बर 2022 को दोपहर में हम सभी लोग चंघईपुर में इकट्ठा होकर लूटी गई मोबाइल से थाना रानीगंज क्षेत्र के एक गल्ला व्यापारी को फोन कर तीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 360/22 धारा 386, 507 भादवि पंजीकृत है, इसके बाद फोन स्विच ऑफ कर अपने एक साथी को दे दिया था। हमारे 04 साथी जुनैद अहमद, परवेज अहमद, अस्कार अहमद व मुक्तदीर बाराबंकी जेल में बंद हैं।

## नगर निकाय चुनाव में टिकट के लिए मारामारी शुरू

**प्रतापगढ़।** टाउन एरिया मे आरक्षण सूची जारी होने के बाद स्थानीय नेताओं की पत्नियां और भाभी टिकेट की दावेदारी कर रही हैं। प्रतापगढ़ में भाजपा, सपा और बसपा दफ्तर से लेकर बड़े नेताओं की परिक्रमा दावेदार कर रहे है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए जोर आजमाइश की जा रही है जिसमें पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, डॉ शिवानी मातनहेलिया, वरुण प्रताप सिंह, डॉ अतुल श्रीवास्तव, सुनील गोयल, राजेश सिंह सहित दर्जन भर दिग्गज नेता भाजपा में जोर आजमाइश कर रहे हैं। सपा से आशुतोष त्रिपाठी, अश्वनी सोनी सहित कई दिग्गज टिकट का इंतजार कर रहे हैं। बसपा से सादिक अली सहित कई ब्राह्मण नेता भी टिकट के लिए बसपा जिलाध्यक्ष और बड़े नेताओं की परिक्रमा कर रहे हैं। उधर नवसृजित टाउन एरिया में भी टिकेट के लिए दलों में मारामारी है। कोहड़ौर टाउन मे भाजपा से पवन मोदनवाल की भाभी निवर्तमान प्रधान प्रेम लता और किशन सोनी की पत्नी रीता देवी के नाम पर चर्चा है। तकरीबन पंद्रह साल से भाजपा नेता पूर्व प्रधान पवन मोदनवाल और उनके परिवार का कोहड़ौर ग्राम पंचायत पर कब्जा रहा है।

# बहन के घर से वापस लौट रहे युवक की बाइक छीनी

## शादी समारोह में गये युवक की बाइक हुई चोरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बहन के साथ घर वापस लौट रहे एक युवक की बाइक बदमाशों ने छीन लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूजा देवी पत्नी रामदेव गौतम निवासी रेडीगारापुर ने बताया कि अपने भाई शैलेश के साथ कुंधुआ गांव थाना आसपुर देवसरा अपने घर गई थी । जहां पर कुछ आरोपी उसकी बाइक रास्ते मे रोककर छीन लिए। मामले में पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उधर शादी समारोह में गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चिकपट्टी गांव के रहने वाले अफसर पुत्र ननकऊ शनिवार को तुर्कान गली जेएमडी पैलेस में गया हुआ था। बाहर ही उसने अपनी बाइक यूपी 72 बीएम 4878 खड़ी कर दिया थोड़ी देर बाद जब वह शादी समारोह से बाहर निकला तो उसकी बाइक वहां नहीं थी काफी खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिली तो उसने पट्टी कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।

## विधवा पेंशन योजना के लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण कराएं

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने बताया है कि जनपद में पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थियों को आधार सीडिंग/आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार बेस भुगतान किया जाना हैं पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण माह दिसम्बर 2022 तक शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण उनके द्वारा नहीं कराया गया है उनकी पेंशन निदेशालय द्वारा बन्द कर दी गयी है।

# छुट्टा मवेशियों से किसान हो रहे परेशान राहगीरों के लिए बन रहे मुसीबत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कालाकांकर विकास क्षेत्र के कई गांव में छुट्टा मवेशी और गोवंश किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं। और दूसरी तरफ सड़क पर राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। क्षेत्र की कई घटनाएं सड़क हादसे इन्हें गोवंश और मवेशियों के कारण हुई है।

कालाकांकर क्षेत्र के परियावां, लवाना आलापुर, नवाबगंज बाजार, एवं केरावडीह अदलाबाद के आसपास कई स्थानों पर आपको छुट्टा गोवंश नजर आएंगे कि यह किसानों की फसल को चट कर जा रहे हैं।



सड़क पर लगा छुट्टा मवेशियों का झुण्ड।

वहीं दूसरी तरफ सड़क पर बेतरतीब खड़े होकर के राहगीरों के लिए भी मुसीबत बढ़ रहे हैं। तेज रफ्तार से जा रहे वाहनों के लिए यह जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई सड़क हादसे इन्हीं के कारण हुए हैं। आलापुर चैराहे के पास आपको लगभग 40-50 की संख्या में यह मवेशी सड़कों पर दिखाई देंगे तो आलापुर परियावां के पास भी इसी तरह मवेशी आपको दिखाई देंगे प्रशासन इस संबंध में कोई भी कदम नहीं उठा रहा है। हालांकि सरकारी स्तर पर इस ब्लॉक में न्याय पंचायत स्तर पर चार सरकारी गौशाला का निर्माण किया गया है। जो अतौलिया, अंधरी पुर,झोकवारा,जाजूपुर, यहां गौशाला बनाए गए हैंजहां पर गोवंश को रहने व चारा पानी के लिए व्यवस्था की गई है जिस पर लाखों रुपए प्रतिमाह पानी की तरह सिर्फ कागजों पर खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन सड़कों पर देखने पर मवेशियों का हुजूम देखने को मिलता है। प्रशासन की लाचारी और बेबसी इस संबंध में खूब दिखाई दे रही है।

# दुकानें बंद कर जीएसटी टीम का व्यापारियों ने किया विरोध

## जीएसटी टीम के छापेमारी से बिचलित व्यापारियों ने सड़क पर धरना प्रदर्शन विरोध कर सरकार विरोधी लगाए नारे

**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश के बाजारों में इन दिनों जीएसटी की टीम व्यापारियों की दुकानों में छापेमारी कर रही है सरकार द्वारा भेजी गई जीएसटी टीम के अधिकारियों द्वारा छापेमारी के आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

जिससे व्यापारी विचलित हो उठे और व्यापारियों ने दुकानें बंद कर जीएसटी टीम के विरोध में दुकानें बंद करके धरना प्रदर्शन आंदोलन नारेबाजी शुरू कर दिया है सरकार विरोधी नारे लगाते हुए व्यापारी जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जीएसटी टीम के विरोध में पूरे जिले में व्यापारियों का आंदोलन शुरू हो गया है योगी सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है मनौरी बाजार के व्यापारियों ने पूर्ण रूप से दुकान बंद कर सड़क पर धरना प्रदर्शन आंदोलन शुरू कर दिया है व्यापार मंडल के नेतृत्व में पदाधिकारी सड़क पर उतर आए हैं और सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं जीएसटी टीम के छापेमारी के चलते पूरे जिले के बाजार प्रभावित हैं बाजार बंद होने से आम जनमानस किसान



चरवा में बाजार बन्द होने से पसरा सन्नाटा।



मनौरी में बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।



तिल्हापुर मोड़ बाजार बंद होने के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा।

परेशान है और बाजार खरीदारी करने के लिए आने वाले ग्राहकों को सामान नहीं मिल रहा है व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है व्यापार बंद हो जाने से ट्रांसपोर्ट का व्यापार भी प्रभावित हो गया हैं लगातार दुकानें बंद होने के चलते मजदूरों के सामने भी समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं उन्हें काम नहीं मिल रहा है तिल्हापुर मोड़ के व्यापारियों ने भी व्यापार मंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद करके धरना प्रदर्शन आंदोलन किया है मंझनपुर मुख्यालय में भी पूरी तरह से दुकानें बंद कर व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया है भरवारी कस्बे के व्यापारियों ने भी विरोध प्रदर्शन करते हुए व्यापार बंद कर दिया है करारी सिराथू अझुवा बाजार में भी



जीएसटी टीम के विरोध में बंद भरवारी बाजार की दुकान।



जीएसटी टीम के विरोध में आलंचन्द में बन्द बाजार।

जीएसटी टीम के छापे का विरोध व्यापारियों ने दुकान बंद कर बिरोध प्रदर्शन किया है।

सराय अकिल बेनीराम कटरा उदहीन चौराहा मूरतगंज इमामगंज हररायपुर अषाढा कुम्हियावा बिजिया चौराहा सरसवा पश्चिम शरीरा टेवा चरवा सैय्यद सरावा बेरूवा चायल समदा गुलामीपुर देवीगंज टेडीमोड कड़ा सैनी सहित लगभग पूरे जिले में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया है जीएसटी टीम के छापेमारी से व्यापारी विचलित हैं और डटकर जीएसटी टीम का विरोध कर रहे हैं यदि जीएसटी टीम ने जल्द ही जिले से पलायन नहीं किया तो विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ-साथ विभिन्न संगठन के लोग भी व्यापारियों के समर्थन में सड़क पर उतर पड़ेंगे जिससे स्थिति और खराब हो सकती है 3 दिन से जीएसटी टीम की छापेमारी के चलते कौशाम्बी जिले में अरबों रुपए का व्यापार प्रभावित हुआ है जिससे सरकार को भी करोड़ों रुपए टैक्स के राजस्व का नुकसान हुआ है।

# स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी बंद होः अजय सोनी

## छापेमारी को लेकर व्यापारियों एवं दुकानदारों के समर्थन में सोमवार को विरोध प्रदर्शन करेगी सकिपा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने स्टेट जीएसटी के नाम पर समूचे जनपद की बाजारों में चल रही सरकारी छापेमारी को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने छापेमारी से परेशान व्यापारियों एवं दुकानदारों का समर्थन करते हुए कहा कि व्यापारियों एवं दुकानदारों को घबराने की जरूरत नहीं है। बगैर किसी नोटिस के अचानक से किसी व्यापारी या दुकानदार की दुकान में छापेमारी की गई तो समर्थ किसान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। आगे कहा कि स्टेट जीएसटी के नाम पर चल रही छापेमारी बंद होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर व्यापारियों एवं दुकानदारों का अनावश्यक उत्पीड़न और शोषण नहीं होने दिया जाएगा। इसी के साथ अजय सोनी ने जिले के तमाम व्यापारियों एवं दुकानदारों को सोमवार को ग्यारह बजे जिलाधिकारी कार्यालय मंझनपुर पहुंचने एवं प्रदेश सरकार को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपने में सहयोग करने की अपील की है।

## प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में भारतीय भाषा दिवस उत्सव मनाया गया। भारतीय भाषा दिवस उत्सव मनाए जाने उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने व अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है । सभी प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में भारतीय भाषा दिवस को हर्षोल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया गया विद्यालयों में भाषण, निबंध, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें में छात्र व छात्राएं ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही अध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती एवं अन्य महाकवियों के विषय में जानकारी दी गई।

## बाइक सवार को बचाने में पुल पर पलटा ट्रैक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रोही रेलवे पुल के ऊपर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक पुल के ऊपर पलट गया है जिससे ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटे आई हैं रास्ते से गुजर रहे भरवारी के चिकित्सक मयंक केसरवानी ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पुल से ट्रैक्टर को हटवा कर रास्ता साफ करवाया है मौके पर पहुंचे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार घटनास्थल पर कर दिया है उसके बाद घायल चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा दो वाछित अभियुक्तों कल्लू पुत्र रामरूप निवासी गुरुबल थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर व दयाशंकर पुत्र मुन्नीलाल निवासी जलधरपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को कस्बा सहजादपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजीत उर्फ लल्ली पुत्र मुन्नीलाल निवासी उरई अशरफपुर थाना कौशाम्बी को ग्राम उरई अशरफपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 राज भूषण सिंह निवासी शाहपुर थाना महेवाघाट को शाहपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया भाषा उत्सव दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आज 11 दिसम्बर 2022 को प्रसिद्ध तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्म दिवस के अवसर पर ह्लह्लभारतीय भाषा उत्सव ह्लह्ल विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आरम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो0 विनय कुमार सिंह एवं मुख्य वक्ता डॉ0 अजय कुमार असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिन्दी ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ0 अजय कुमार ने कहा कि ह्लह्लसुब्रह्मण्य भारती का जन्म 11 दिसम्बर, 1882 को हुआ था। वें भारत के महान कवियों में से थे, जिन्होंने तमिल भाषा में



काव्य रचनाएँ कीं। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। वह महान कवि, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे । आपकी देश प्रेम की कविताएँ इतनी श्रेष्ठ हैं कि आपको भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा--

**यह है भारत देश हमारा जय**

**भारतसब शत्रुभाव**
**मिट जाएँगे चलो**
**गाएँ हम वन्दे**
**मातरम रे विदेशियो!**
**भेद न हम में निर्भय**
**वंदे मातृ नमन करें**
**इस देश को भारत**
**सर्वोत्कृष्ट देश है**
**जय गान आजादी का एक**
**पल्लुजा,**
**जर्जरित भारत, जा !**
**आ, नवभारत, तू आ !**
**कन्नम्मा,।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि ह्लह्लसुब्रह्मण्य भारती सक्रिय रूप से ह्यस्वतंत्रता आंदोलनह्य में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। आपकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेजी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उन्होंने कहा कि उनका ह्यगद्यह्य और ह्यपद्यह्य दोनों विधाओं पर समान अधिकार था। इस अवसर पर प्राचार्य ने सुब्रह्मण्य भारती जी प्रसिद्ध कविता की चन्द लाइनें कह कर अपनी बात को विराम दिया।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेन्ट प्रोफेसर गणित ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अमित कुमार शुक्ल असिस्टेन्ट प्रोफेसर दर्शनशास्त्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अरविन्द कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान, डॉ0 अमित कुमार शुक्ल, असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शनशास्त्र ,डॉ0 पवन कुमार ,असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल, डॉ0 भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान, डॉ0 रीता दयाल असिस्टेन्ट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास, डॉ0 नीलम बाजपेई असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान, डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी, डॉ0 नीरज कुमार सिंह असिस्टेन्ट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान एवं डॉ0 रमेश चंद्र ,असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य एवम कर्मचारी तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रही।

## एडिशनल एसपी ने फोर्स के साथ मंझनपुर में किया पैदल गस्त

**अखंड भारत संदेश**



पैदल गस्त करते अपर पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** जिले के कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और अपराधियों के ऊपर पुलिस का खौफ कायम करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर और कोतवाल के साथ मंझनपुर कस्बे में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गश्त के दौरान एडिशनल एसपी ने नगर क्षेत्र के आम जनमानस से बातचीत कर कानून और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लिया और इस दौरान उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया नगर में पैदल गश्त के दौरान उन्होंने लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया शुक्रवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी एवं उप निरीक्षक थाना मंझनपुर पुलिस के साथ मंझनपुर कस्बे में पैदल गस्त किया पैदल के दौरान पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए जनता के व्यक्तियों से बातचीत करके सुरक्षा का एहसास कराया।

## पान मसाला से नगदी सहित 80 हजार का सामान उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत कस्बा भरवारी के रेलवे क्रासिंग के बगल मे बी एस मेहता की बड़ी गद्दी मे गंगा ट्रेडर्स की पान मसाला रजनी गंधा तमाम तरह के गुटखा के थोक विक्रेता की दुकान है दुकान में घुसते वक्त चोरों ने दो दरवाजा भी तोड़ दिया है अब पीछे की दीवाल से सेंध भी कर दिया है दुकान के अंदर घुसे चोरों ने गल्ला मे रखा लगभग 35 हजार रुपए नगद 20 हजार कीमत की सिंगरेट के पैकेट तथा 20 हजार कीमत का गुटखा चोर उठा ले गए है दुकान में चोरी की जानकारी सुबह दुकान मालिक को लगी तो उसके होश उड़ गए हैं मामले की सूचना उसने स्थानीय पुलिस चौकी को दिया है चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## 16 वी फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतंरज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में 16 वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का आयोजन मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज में आयोजित हुआ जहां तमाम खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल में अलग-अलग 30 जिलों से कुल 150 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है।16 वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप के आयोजन में खिलाड़ियों ने भाग लिया रविवार को खेल के तीसरे चक्र की समाप्ति के परिणाम निम्न हैं पहले बोर्ड पर



वाराणसी के दिनेश कुमार पाण्डेय ने अन्नत पनवार को दूसरे बोर्ड पर आगरा के संचय दुबे ने आगरा के गौरव भारद्वाज को तीसरे बोर्ड पर संचिता यादव और वाराणसी के दिलीप त्रिपाठी के बीच मैच ड्रॉ रहा चौथे बोर्ड पर लखनऊ के पृथ्वी सिंह ने झांसी के सुहेब अहमद को पांचवें बोर्ड पर नोएडा के अजय संतोष ने काले मोहरों से वाराणसी के अभिषेक मिश्रा को हराया छठा बोर्ड पर प्रयागराज स्पर्श यादव ने प्रयागराज संस्कृति यादव को हराया खेल सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश से अलग अलग 30 जिलों से कुल 150 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## फोर्स के साथ एसपी ने मंझनपुर में किया पैदल गस्त

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गण के साथ थाना मंझनपुर के पुलिस बल द्वारा कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त करके यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था कायम की गई एवं दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिना हेलमेट तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों की चेकिंग कराई गई एवं मंझनपुर बाजार में लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया।



पैदल गस्त करते एसपीड।

## भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद की अध्यक्षता में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती को भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया।



कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र।

प्रधानाचार्य एवम अध्यापकों के द्वारा छात्रों को महाकवि के जीवन एवम साहित्य में उनके योगदान के विषय में विस्तार से बताया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारतीय भाषाओं के महत्व को जानने के लिए प्रोत्साहित किया गया छात्रों के द्वारा भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अरूण कुमार द्विवेदी, भारत लाल शर्मा, संतोष सिंह यादव, अतुल कुमार मिश्र स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### चलौली गांव में एक पुलिया के निर्माण पर निकाला दो बार बजट

# हैंडपंप रिबोर मरम्मत नाली पुलिया निर्माण में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्राम पंचायत में मची है बड़ी धांधली

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में धांधली के आलम में आला अधिकारियों की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के हौसले बुलंद हैं एक पुलिया का निर्माण करा कर दो पुलिया निर्माण का बजट सरकारी खजाने से निकालने में पंचायत के जिम्मेदार सफल हो गए हैं लेकिन आला अधिकारी भांग पीकर सो रहे हैं आला अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायतों के विकास योजनाओं में लूट मची है ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मिलकर सरकारी रकम को हजम करने में लगे हैं तमाम शिकायतों के बाद निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है कुछ मामले में यदि जांच हो गई जो पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर आरोप तय होने के बाद उन पर कार्रवाई की पत्रावली डीपीआरओ कार्यालय में वर्षों से लंबित हैं और आरोपी पंचायत सचिव को बहाल कर अतिरिक्त चार्ज देकर देश का बंटवारा वसूल कर रहा है पंचायत सचिव सतीश चौधरी और अर्चना सरोज का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है कि चायल के विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चलौली में बड़ी धांधली उजागर हो रही है। गांव में महज 10 फिट की पुलिया का निर्माण हुआ और सरकारी खजाने में दिखाया गया की विजय पासी के घर से होते हुए प्रताप पासी के घर तक 30 फिट से अधिक लंबे पुलिया का मानक से ज्यादा रकम डकार गए है। इसी प्रकार गांव में हैंड पंप मेंटेनेंस और रिबोर का कार्य फर्जी तरीके, और नाला रिपेयर का कार्य फर्जी तरीके से सरकारी धन को चपत लगाई गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिया निर्माण और नाला निर्माण में एक ही समय में दो कार्य का पैसा गमन किया गया जो बड़ी जांच का विषय है। इसी प्रकार चलौली ग्राम पंचायत में नाला के ढक्कन लगाने का खेल दिखाई पड़ रहा है।

ग्रामीणों की माने तो चलौली ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण के नाम पर खजाने से लाखों का रकम निकाली गई है तमाम शौचालय के निर्माण नहीं हुए हैं मानकबिहीन एक गड्ढे के तमाम शौचालय बनाए गए हैं जो शौचालय बनाए भी गए हैं तो उनमे तमाम शौचालय उपयोग लायक नहीं है अनउपयुक्त शौचालय बनाकर धन निकाल कर कमीशन खोरी का खेल बेकौफ तरीके से इस ग्राम सभा चलौली में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों की सांठगांठ से चल रहा है खंड विकास अधिकारी चायल और एडीओ पंचायत चायल चंद रुपयों के लालच में तमाशबीन बने हुए हैं ग्राम पंचायतों के विकास कराए जाने के बहाने सरकारी रकम में लूट के मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी भी मूकदर्शक बने हैं सूत्र बताते हैं कि पंचायत योजना में धांधली करने में लगे लोग उन तक भी हिस्सेदारी पहुंचा कर उनका मुंह बंद कर रहे हैं मामले में डीएम सीडीओ को संज्ञान लेना होगा वरना पंचायत विभाग की रकम से विकास के बजाय जिम्मेदारों की तिजोरी नोटों से भर जाएगी मामले में यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के कारनामे बेनकाब होंगे और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों का जेल जाना तय माना जा रहा है।

### हैंडपंप रिबोर मरम्मत और सड़क मरम्मत में बड़ी धांधली

## विकासखंड चायल के चक बादशाहपुर गांव में शौचालय निर्माण के नाम पर हड़पी गई सरकारी रकम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आला अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायतों के विकास योजनाओं में लूट मची है ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मिलकर सरकारी रकम को हजम करने में लगे हैं तमाम शिकायतों के बाद निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है कुछ मामले में यदि जांच हो भी गई और पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर आरोप तय हुए भी तो उन पर कार्यवाही होना मुश्किल होता है कई पंचायत सचिव पर आरोप तय होने के बाद उन पर कार्यवाही की पत्रावली डीपीआरओ कार्यालय में वर्षों से लंबित है और आरोपी पंचायत सचिव को बहाल कर अतिरिक्त चार्ज देकर हिस्सा बंटवारा वसूला जा रहा है पंचायत सचिव सतीश चौधरी और अर्चना सरोज का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है कि चायल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक बादशाहपुर में बड़ी धांधली उजागर हो रही है गांव में 5 हैंडपंप रिबोर कराए गए हैं और 15 हैंडपंप के मरम्मत के नाम पर खजाने से लाखो की रकम तो निकाल ली गई है।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्त नाम विलाश पुत्र राम स्वरूप सविता पत्नी राम विलाश निवासीण तिवारी का पुरवा मजरा डेरा थाना महेवाघाट जनपद कौशांबी को टिकरा चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त मो० हाशिम खान पुत्र रईस अहमद निवासी जाफरपुर महावा थाना पश्चिम शरीरा ग्राम जजौली गेट के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा वारन्टी अभियुक्त बउआ पुत्र राजा लोध निवासी गौसेमलपुर थाना मोहब्बतपुर पइसा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही को न्यायालय भेज दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 177 वाहनों का पालन किया गया तथा एक वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 21 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भाग करने के आरोप में थाना पिपरी से सात थाना महेवाघाट से दो थाना सराय अकिल से तीन थाना चरवा से सात थाना सैनी से एक थाना कोखराज से एक कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संपादकीय

## कब तक बोरवेल में दम टूटेगा बच्चों का?

**मध्य** प्रदेश के बैतूल जिले के मांडवी गांव में 55 फीट गहरे बोरवेल में फंसे आठ वर्षीय मासूम तन्मय साहू ने आखिरकार 84 घंटों की जद्दोजहद के बाद दम तोड़ दिया। मांडवी के सुनील साहू का आठ साल का बेटा तन्मय 6 दिसम्बर को शाम करीब पांच बजे दोस्तों के साथ खेलते समय पड़ोसी के बोरवेल में गिर गया था। यह बोरवेल खेत में तीन दिन पहले ही खोदा गया था, जिसकी गहराई करीब 400 फीट है। तन्मय बोरवेल में करीब 50 फीट गहराई पर अटका हुआ था, जिसे सकुशल बाहर निकालने के लिए जिला प्रशासन और एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ की टीमों द्वारा युद्धस्तर पर बचाव अभियान भी चलाया गया और तन्मय को बोरवेल से बाहर भी निकाल लिया गया किन्तु अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसी साल 10 जून को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 80 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 11 साल के राहुल को 104 घंटे के अब तक के सबसे लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था लेकिन 22 मई को पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़दीवाला के समीप बहरामपुर में 300 फीट गहरे बोरवेल में करीब 95 फुट नीचे फंसकर छह वर्षीय बच्चा ऋतिक मौत की नींद सो गया था।

हर साल बोरवेल में बच्चों के गिरने के अब कई मामले सामने आते हैं, जिनमें से अधिकांश की बोरवेल के भीतर ही दम घुटकर दर्दनाक मौत हो जाती है। बोरवेल हादसे पिछले कुछ वर्षों से जागरूकता के प्रयासों के बावजूद निरन्तर सामने आ रहे हैं किन्तु इनसे सबक सीखने को कोई तैयार नहीं दिखता। ऐसे मामलों में अक्सर सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक जमाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वो स्वचालित तकनीकें क्यों नहीं हैं, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके। सवाल यह भी हैं कि आखिर बार-बार होते ऐसे दर्दनाक हादसों के बावजूद देश में बोरवेल और ट्यूबवैल के गड्ढे कब तक इसी प्रकार खुले छोड़े जाते रहेंगे और कब तब मासूम जानें इनमें फंसकर इसी तरह दम तोड़ती रहेंगी। आखिर कब तक मासूमों की जिंदगी से ऐसा खिलवाड़ होता रहेगा? कोई भी बड़ा हादसा होने के बाद प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें तो दोहरायी जाती हैं लेकिन बार-बार सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें कोई घटना सामने आने पर लोगों के उपजे आक्रोश के शांत होने तक ही बरकरार रहती हैं।

## हिन्दुत्व की प्रयोगशाला का सफलतम अनुसंधान

मृत्युंजय दीक्षित

**गुजरात की** जनता ने 2022 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को इतने शानदार ढंग से सत्ता में वापसी कराई है कि आज बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषक भी हैरान हैं, कोई समझ नहीं पा रहा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के व्यक्तित्व और नेतृत्व में ऐसी क्या विशेषता है कि लगातार सातवीं बार भाजपा को प्रचंड जीत हासिल हो गई है। इससे पूर्व कांग्रेस को राज्य विधानसभा में वर्ष 1985 में 56 प्रतिशत वोटों के साथ 149 सीटें प्राप्त हुई थीं और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने यह रिकार्ड ध्वस्त कर दिया है। राजनैतिक विष्लेषक इस अदभुत और अविश्वसनीय विजय के पीछे के रहस्यों को पता करने का प्रयास कर रहे हैं। सभी विश्लेषकों का अनुमान है कि इस बार कांग्रेस ने चुनावों के पहले ही आत्मसमर्पण कर दिया था और रही सही कसर आम आदमी पार्टी और एआईएएम ने पूरी कर दी थी।

किन्तु, स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार है कि गुजरात माडल विश्वसनीयता, लोकप्रियता और परिश्रम की पराकाष्ठा एक सशक्त उदाहरण बन चुका है। गुजरात में अब एंटी इनकंबेंसी नहीं प्रो इनकंबेंसी चुनावी फैक्टर बन गया है। वास्तव में गुजरात में इस बार भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के लिए कई कारक एक साथ मिल गए हैं । जब से गुजरात चुनावों की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई और राज्य में आम आदमी पार्टी का प्रवेश हुआ तभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके परिवार के खिलाफ तीखे अपमानजनक शब्दों को बोलना शुरू कर दिया गया ।यहीं नहीं आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल इटालिया व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बहुत ही अभद्र भाषा में यह कहा था कि यहां पर भाजपा वाले सभी लोग कंस की औलाद हैं और मुझे भगवान श्रीकृष्ण ने इन तथाकथित कंस की औलादों का सर्वनाश करने के लिए यहां पर भेजा है। स्पष्ट था कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कंस कह कर संबोधित कर रहे थे। आप नेता गोपाल इटालिया ने प्रधानमंत्री को मूर्ख कहा और उनकी माता का भी अपमान किया और वह यही नहीं रूके उन्होंने कई जनसभाओं तथा टीवी चैनलों की बहस के दौरान भी अपने बयानों को सही बताने का प्रयास किया था।

गुजरात विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके कार्यो का मजाक बनाने में व उनको अपमानित करने में कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने प्रधानमंत्री के लिए कहा कि हम उनकी औकात दिखा देंगे। जब चुनाव प्रचार दसरे चरण में पहुंचा तब कांग्रेस के नये नवेले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गांधी परिवार की चापलूसी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रावण कहकर सारी कसर पूरी कर ली थीं। खड़गे ने पीएम मोदी को रावण कहकर भाजपा को एक बार फिर भावनात्मक मुद्दा दे दिया और इस प्रकार की टिप्पणी के कारण दूसरे चरण में कांग्रेस का बचा खुचा सम्मान भी चला गया। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां देने की होड़ लगी हुई थी।

# 3 नतीजे 3 मिजाज कैसा होगा 2023 का रिवाज?

ऋतुपर्ण दवे







**दरअसल** गुजरात, हिमाचल और दिल्ली नगर निगम के चुनाव यानी तीनों अपने आप में बेहद अहम भी रहे और अलग भी। दलीय राजनीति से इतर इन चुनावों ने दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता को फिर दशार्या। मतदाताओं की मनःस्थिति को समझने वालों को ये जरूर अलग लगेंगे और लगने भी चाहिए। लेकिन इन चुनावों से निकले संदेश को बिना किसी पूर्वाग्रह या लागलपेट के सभी राजनीतिक दलों को समझना भी होगा। निश्चित रूप से भाजपा ने गुजरात में बहुत ही अच्छा किया है जिसे स्वीकारना होगा लेकिन हिमाचल की हार और दिल्ली में पिछड़ने के मंथन से जो कहानी निकलेगी उससे सीख भी लेनी पड़ेगी। गुजरात चुनावों में शुरू से ही भाजपा की धमक दिखाई दे रही थी। मोरबी दुर्घटना के बाद कुछ सवाल जरूर उठे थे जो कयास ही साबित हुए। नतीजों ने बता दिया कि गुजरात में नरेन्द्र मोदी का कोई सानी नहीं है। हो भी नहीं सकता और फिलाहाल होना दूर-दूर तक दिख भी नहीं रहा। जो लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे, दूसरा स्वयं गुजरात से हैं और तीसरा उनका लोगों से जुड़ाव का तौर-तरीका देश और दुनिया में अलग और मशहूर हैं। ऐसे में भला गुजरात कैसे अपने लाड़ले की गुहार को नहीं सुनता? हुआ भी यही।

182 में से 156 सीटें जीतना वह भी सातवीं बार लगातार अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। निश्चित रूप से यह भावनात्मक अपील और मोदी के खिलाफ खरगे के बोल का भी कुछ असर रहा होगा। बहरहाल यह तो सामने है कि लोगों पर मोदी जादू चला जिसने 2002 के उन्हीं के भाजपा की 127 सीट और 1985 में कॉंग्रेस के 149 सीट जीतने के रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया। गुजरात के बाहर बैठे राजनीतिक पण्डितों को लग रहा था कि 27 सालों से लगातार भाजपा के सत्ता में बरकरार रहने से सत्ता विरोधी लहर या अण्डर करंट तो होगा जो दूर-दूर तक दिखा नहीं। उल्टा कॉंग्रेस 2017 में 77 सीटों के मुकाबले इस बार केवल 17 पर सिमटी और 60 सीटों का नुकसान उठा बैठी या यूँ कहें कि भाजपा ने 99 के मुकाबले 156 यानी 57 सीटों पर ज्यादा बढ़त हासिल कर सारी आशंकाओं को निर्मूल साबित कर दिया। हाँ वोट प्रतिशत के लिहाज से इस बार भाजपा को 52.2 प्रतिशत वोट मिले जबकि 2017 में 49.05 प्रतिशत हासिल हुए थे। वहीं कॉंग्रेस 27.25 प्रतिशत वोट के साथ बेशक दूसरे नंबर पर रही जो 2017 में 41.44 प्रतिशत था। यह सही है कि इस बार आम आदमी पार्टी ने गुजरात का मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया था जो खेल बिगाड़ने के लिए काफी रहा। आप को मिले 12.92 प्रतिशत वोट मायने रखते हैं। हालांकि आप ने जीत तो 5 सीटों पर हासिल की है लेकिन 35 सीटों पर दूसरे नंबर पर रहकर कॉंग्रेस को पछाड़ दिया। वहीं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुसलमीन पार्टी (एआईएमआईएम) यानी ओवैसी की पार्टी को 0.29 प्रतिशत वोट मिले जो नोटा के 1.58 प्रतिशत से भी कम थे। ओवैसी वो नहीं कर सके जो मकसद था। 1 सीट समाजवादी पार्टी द्वारा जीतना भी थोड़ा अलग सा है जबकि 3 निर्दलीय भी जीते। गुजरात में 10 से ज्यादा सीटों पर मुस्लिम जनसंख्या 20 से 30 प्रतिशत है लेकिन इनमें से 9 पर भाजपा विजयी रही जबकि एक सीट पर ही इमरान खेड़ावाला जमालपुर खाड़िया जीत सके जो कांग्रेस से हैं। निश्चित रूप से यह एक अलग विश्लेषण का विषय बनेगा।

चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटों का प्रतिशत देखने से ही बहुत कुछ समझ आ जाता है। भाजपा 52.2 प्रतिशत, कॉंग्रेस 27.25 प्रतिशत, आप 12.92 प्रतिशत, बीएसपी 0.50 प्रतिशत, एआईएमआईएम 0.29 प्रतिशत, सपा 0.29 प्रतिशत, एनसीपी 0.24 प्रतिशत, सीपीआईएम 0.03 प्रतिशत, सीपीआई 0.01 प्रतिशत, सीपीआई(एमएल) (एल) 0.01 प्रतिशत, जद (यू) व एलजेपीआईवी 0.00 प्रतिशत जबकि नोटा 1.57 प्रतिशत और अन्य को 4.34 प्रतिशत वोट हासिल हुए। गुजरात की नई विधानभा के करीब 21 प्रतिशत यानी 38 विधायकों पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। 2017 में ये प्रतिशत 26 था तब 47 विधायक दागी थे। इसमें कमीं आना अच्छी बात है।

हिमाचल की 68 सीटों के नतीजों भी अपनी अलग ही कहानी कहते हैं। कॉंग्रेस 40 सीट, भाजपा 25 तो निर्दलीय 3 सीट पर विजयी रहे। कॉंग्रेस को 43.90 प्रतिशत, भाजपा को 43.00 प्रतिशत, आप को 1.10 प्रतिशत, सीपीआई(एम) को 0.66 प्रतिशत, बसपा को 0.35 प्रतिशत, सीपीआई को 0.01 प्रतिशत, नोटा को 0.59 प्रतिशत तथा अन्य को 10.39 प्रतिशत वोट मिले। हिमाचल में भले ही रिवाज और राज की बात की जा रही हो लेकिन यहां भी टक्कर जबरदस्त कॉंटे की थी। 8 सीटों पर तो हार-जीत का अंतर एक हजार से कम वोटों का रहा। इसमें भी 5 सीटों पर कांग्रेस जीती वहीं 3 सीटों पर भाजपा विजयी रही। दिलचस्प मुकाबला भोरंज सीट का रहा जहाँ केवल 60 वोटों के अंतर से कांग्रेस जीती लगभग ऐसी ही जीत श्री नैना देवीजी सीट पर भी हुई जहाँ भाजपा महज 171 वोटों से जीती। अब हैरान कर देने वाली बात यह है कि इतने कम अंतर को भी भाजपा यहां क्यों नहीं समझ पाई जबकि हिमाचल में प्रधानमंत्री की 4 बड़ी रैलियां, अमित शाह की 11 और योगी आदित्यनाथ ने 16 रैलियां की थीं। जेपी नड्डा का गृह राज्य था जहाँ उन्होंने 20 सभाएं की। मुख्यमंत्री के रूप में जयराम ठाकुर ने 34 सभाएं की थीं। आप ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना कर सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारे लेकिन जीता एक भी नहीं उल्टा सबकी जमानत जब्त हो गई। वहीं कांग्रेस ने सिवाय प्रियंका गांधी की 5 रैलियों के और किसी स्टार प्रचारक को नहीं उतारा फिर भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे लगता है कि हिमाचल अपने रिवाज से नहीं डिगा। ऐसा

> दिल्ली नगर निगम के चुनाव भी देश की राजनीति में अहम हैं। इस बार 15 सालों से काबिज भाजपा को हरा आम आदमी पार्टी का जीतना बेहद अलग है। 250 सीटों में आप को 134 सीट और भाजपा ने 104 सीट मिलीं जबकि कांग्रेस को 9 सीटों से संतोष करना पड़ा और निर्दलीयों ने 3 सीटें जीतीं

लगता है कि रिवाज और राज के बीच के मिजाज को भी आगे समझने की कोशिश जरूरी है। हिमाचल का रिवाज काम देखने में देर नहीं करता। हिमाचल के 41 नवनिर्वाचित विधायक आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं जबकि 2017 में ऐसे विधायकों की संख्या 32 थी इस प्रकार आपराधिक मामलों में लिप्त विधायकों की संख्या का प्रतिशत 12 से बढ़कर 18 हो गई है। इसी तरह दिल्ली नगर निगम के चुनावों ने भी नई इबारत लिखी दी। तमाम दावों और वादों के बावजूद केवल आप का ही जादू चला।

दिल्ली नगर निगम के चुनाव भी देश की राजनीति में अहम हैं। इस बार 15 सालों से काबिज भाजपा को हरा आम आदमी पार्टी का जीतना बेहद अलग है। 250 सीटों में आप को 134 सीट और भाजपा ने 104 सीट मिलीं जबकि कांग्रेस को 9 सीटों से संतोष करना पड़ा और निर्दलीयों ने 3 सीटें जीतीं। रोचक यह रहा कि आप और भाजपा के बीच 3 प्रतिशत से भी कम वोटों का अंतर रहा। आप को 42.05 प्रतिशत तो भाजपा 39.09 प्रतिशत मत मिले जबकि कांग्रेस को 11.68 प्रतिशत। ऐसा लगता है कि दिल्ली में केजरीवाल की बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, मुफ्त बिजली-पानी, महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा, झुग्गी बस्तियों व अनाधिकृत कालोनियों की सुध का भरोसा और इन सबसे ऊपर दिल्ली का कूड़ा बड़ा मुद्दा था। दिल्ली का प्रदूषण भी कहीं न कहीं असर कर गया। अब केजरीवाल का मकसद दिल्ली और यमुना की सफाई तो कूड़े के पहाड़ों के निपटारे के अलावा नगर निगम को भृष्टाचार मुक्त करने, टैंकर माफियाओं से निपटने की चुनौती तथा केवल 10 वर्षों में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर देश भर में पार्टी का विस्तार होगा। यदि इन तीनों चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो दिखता है कि तीनों अलग-अलग हैं और अपने-अपने स्थानीय मुद्दों और राज्य के नेताओं के विश्वास पर ज्यादा केन्द्रित रहे। 2023 में फिर 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। निश्चित रूप से गुजरात, हिमाचल और दिल्ली के नतीजों के बारीक विश्लेषण इन राज्य सरकारों के लिए जहां सतर्क होने का की घण्टी है वहीं मजबूत विकल्प का सपना देख रहे नए दलों की चुनौती भी होगी। निश्चित रूप से 2023 में मध्य प्रदेश, कर्नाटक त्रिपुरा जहां भाजपा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कॉंग्रेस, तेलंगाना तेलंगाना में राष्ट्र समिति यानी टीआरएस, मेघालय में मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस यानी एमडीए, नागालैंड में संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन यानी यूडीए और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकारें हैं। जहाँ दलों को स्पष्ट बहुमत है वहां चुनौती भी बड़ी है लेकिन जहाँ गठबंधन की सरकारें हैं वहाँ और भी बड़ी चुनौती होगी। इन तीन नतीजों के तीन अलग मिजाज और बारीकियों से लगता है कि 2023 के चुनाव भी ऐसे ही हों?

सच है कि 2024 के आम चुनावों में नरेन्द्र मोदी का कोई विकल्प फिलाहाल दिखता नहीं है लेकिन विधानसभा चुनावों के मिजाज कमोवेश वहाँ के रिवाज, स्थानीय या प्रादेशिक समस्याओं और चुनौतियों पर ज्यादा निर्भर होंगे। जहाँ चुनाव होने हैं, सबके अपने-अपने मिथक भी हैं। बस देखना यही है कि परिवर्तन, डबल इंजन की सरकार या प्रदेश की राजनीति को समझने वाले मतदाता कैसा जनादेश देंगे?

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं।)**

## प्रकृतिक संसाधनों में लापरवाही, भविष्य के लिए विनाशकारी

संजीव

**वर्तमान** में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है। अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष,मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है।

# हालिया चुनाव पर भारी पड़े स्थानीय मुद्दे

प्रेम शर्मा

**पहले** दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत के बाद हिमाचल में कांग्रेस की जीत के साथ उत्तर प्रदेश में देश की सबसे ताकतवर पार्टी और उसके सबसे ताकतवर नेता की उपस्थिति और ताबड़तोड़ रैली और आक्रमक राजनीति के बावजूद दो विधानसभा एवं एक लोक सभा सीट में से एक लोक सभा और एक विधानसभा सीट पर विपक्षी दलों की जीत ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि देश में होने वाले चुनावों में स्थानीय मुद्दे आज भी भारी है। गुजरात भी स्थानीय मुद्दे की वजह से भाजपा को प्रचण्ड बहुमत दिलाने में कामयाब रहा। जिस राज्य से राजनीति शुरू कर आज देश के प्रधानमंत्री पद पर दूसरी बार देश का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी कर रहे है उनके रहते गुजरात के अवाम को काफी कुछ हासिल भी हुआ है। अधिकाधिक परियोजनाओं के साथ भारी निवेश ने गुजरात के लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान किए है। अन्य राज्यों की अपेक्षा गुजरात के लोगों की औसतन आय और सुविधाएं काफी अधिक है। केन्द्र की कोई भी योजना हो उसका सबसे पहले लाभ गुजरात के किसी न किसी शहर को पहले सूची में मिल जाता है। यही नही कोई भी बड़ा निवेशक मान लो हिन्दुस्तान में निवेश करने के लिए तीन स्थान तय करता है तो उसमें उसकी पहली प्राथमिकता गुजरात के किसी न किसी शहर की अवश्य होती है। यही कारण है कि आज की तिथि में जो परिणाम सामने आए उनमें स्थानीय मुद्दे भारी पड़ें। हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय मंत्रियो की फौज के साथ भारी भरकम चुनाव प्रचार के बावजूद अगर केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के क्षेत्र में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा तो यह तय मानियें की आगामी चुनाव में सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के आधार पर चुनाव जीतना आसन न होगा। तेजी से बढ़ती महंगाई और घटते रोजगार के अवसर 2024 के चुनाव में सबसे बड़े मुद्दे साबित हो सकते है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों पर देश भर की नजरें टिकी हुई थीं। इस चुनाव परिणाम से साल 2024 के आम चुनाव का नैरेटिव भी सेट होने की बात कही जा रही थी। इस लिहाज से गुजरात में बीजेपी को मिली जीत काफी अहम है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत ने यह दशार्या है कि यदि स्थानीय मुद्दे पर फोकस रहें तो पीएम चेहरा भी आपकी नाकामी नहीं छुपा सकता है।कहने को भले ये दो राज्यों के विधानसभा चुनाव थे, लेकिन जिस तरह से इन पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई थीं, उससे पहले दिन से साफ था कि ये उससे कहीं ज्यादा हैं। इन चुनाव नतीजों से 2024 के लोकसभा चुनावों का नैरेटिव बनने की बात कही जा रही थी। उस लिहाज से निस्संदेह गुजरात में बीजेपी को मिली जीत बहुत बड़ी है। पिछले यानी 2017 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी थी। तब 268 विधायकों वाली विधानसभा में उसे 99 सीटें आई थीं, जो सरकार गठन के लिए आवश्यक संख्या (95) से मात्र चार ज्यादा थीं। स्वाभाविक रूप से माना जा रहा था कि अगर कांग्रेस थोड़ा और जोर लगा दे या बीजेपी थोड़ी सी लापरवाही दिखा दे तो चुनाव में उलटफेर हो सकता है। लेकिन न तो कांग्रेस ज्यादा जोर लगा पाई और न ही बीजेपी ने कोई चूक दिखाई।गुजरात में लगातार फिर भाजपा जीती है और पहले के रिकॉर्ड तोड़ कर जीती है पर उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली छोड़कर दिन-रात एक करना पड़ा और किसी स्थानीय नेता की तरह रोज कई सभा करनी पड़ीं, अपने सम्मान का हवाला देना पड़ा, लंबे रोड मार्च निकालने पड़े तो मीडिया के सहयोग से चुनाव के दिन को भी प्रचार के लिए उपयोग किया गया। महाराष्ट्र की योजनाओं (उद्योग) को गुजरात ले जाकर उसका फायदा उठाया गया तो विरोधी दल मतदान के दूसरे दिन 5 बजे के बाद 16 या 18 लाख अधिक मतदान होने से लेकर तरह तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। ईवीएम तो हर हारे हुए चुनाव का मुद्दा है ही। अगर बॉत गुजरात चुनाव परिणाम की करे तो भाजपा की सिर्फ सीट ही नहीं बढ़ी पर पहले से 4 फीसद वोट भी बढ़ा और इसका पूरा श्रेय गुजरात के लिए भाजपा की राज्य एवं केन्द्र सरकार की छोटी बड़ी हर उस परियोजना को जाता है जिससे यहॉ के स्थानीय लोगों को सुविधाएं एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। क्योंकि एक खबर ये भी छाई रही कि आरएसएस ने इस चुनाव से दूरी बनाए रखा। हिमाचल में कांग्रेस का पुरानी पेंशन सहित कई अन्य दाव इसलिए कामयाब रहे कि पिछले कुछ असरे से स्थानीय भाजपाईयों में केन्द्र सरकार का दम्भ और प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे का अतिविश्वास घर कर गया था। रोजगार के अवसर न के बराबर तथा जो संविदा प्रणाली पर नौकरियॉं दी जा रही थी वह मजदूरों से भी बद्तर लाभकारी रही। दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां प्रियंका गांधी को उतार दिया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के अनुभव से सबक लेकर यहां के लिए रणनीति बनाई और स्थानीय मुद्दों के साथ पेंशन को मुद्दा बना कर एक बड़े वर्ग को अपने साथ जोड़ा। दिल्ली एमसीडी के परिणाम पर बड़ी बहस इस लिए जरूरी है कि यह चुनाव आम आदमी की आम जरूरत से जुड़ा है इसलिए दिल्ली के जनता ने इस चुनाव में आभासस करा दिया कि उसके लिए स्थानीय मुद्दे भारी है।

## शोहरत का शॉर्टकट

डॉ. सुरेश कुमार

**कलाकार** अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः नमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि। निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया।

कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः तो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिए अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे। तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका। वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा झ्र देखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है। हमारे चुटकियों में जुर्म चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर्स हैं। उन्हें नए-नए विषय पर वीडियो बनाकर देने पड़ते हैं, नहीं तो हमारी कमाई गिर जाएगी। पुलिस अधिकारी ने फटकारते हुए कहाः वेब सीरिज बनाने का इतना ही शौक है तो कुछ पकवान या फिर डैंस संबंधी वीडियो बनाओ। ऐसे जुर्म को बढ़ावा देने वाले वीडियो बनाते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती?

## फटाफट खबरें

### प्रयागराज वाया चित्रकूट चलायें ट्रेन: हरिशंकर गुप्ता

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने नंद गोपाल नंदी कैबिनेट मंत्री औद्योगिक मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से प्रयागराज प्रभु श्री राम तपोस्थली चित्रकूट धाम होते हुए अतर्रा, बांदा, हमीरपुर औद्योगिक क्षेत्र कानपुर राजधानी लखनऊ से होकर अयोध्या ट्रेन संचालन का महत्वपूर्ण होगी। इस ट्रेन के माध्यम से हजारों व्यापारियों का व्यापार रोजगार औद्योगिक क्षेत्र कानपुर से जुड़ेगा इससे बुंदेलखंड के व्यापारियों का व्यापार भी बढ़ेगा। आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे श्रद्धालुओं के लिए आम जनमानस के लिए भी लाभ होगा धार्मिक क्षेत्र से लोग जुड़ेंगे तो व्यापारियों का व्यापार भी बढ़ेगा जिससे रेल का राजस्व भी बढ़ेगा जिससे ट्रेन संचालन की मांग गुप्ता ने बताया कि जिसका रूट प्रातः 4 बजे से प्रयागराज (हाई कोर्ट) चित्रकूट धाम, बांदा, हमीरपुर, कानपुर औद्योगिक क्षेत्र राजधानी लखनऊ से होकर अयोध्या जाए और वापसी शाम 3 बजे अयोध्या से लखनऊ कानपुर, बांदा चित्रकूट धाम होकर अपने प्रयागराज के लिए जाए। इस रूट ट्रेन संचालन से औद्योगिक क्षेत्र जुड़ेगा धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र राजधानी लखनऊ और प्रभु श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या चित्रकूट धाम के लिए महत्वपूर्ण ट्रेन होगी। जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता लगातार ट्रेनों की मांग कर रहे हैं और चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन अयोध्या की भांति बनाने की भी मांग उनकी लगातार रेल मंत्रालय से चल रही है।

### दिव्या को मिली पीएचडी की उपाधि



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा के पूर्व प्रधानाचार्य पं लल्लूराम शुक्ल की सुपुत्री कु दिव्या शुक्ला को इलाहाबाद विवि में संस्कृत विषय में डॉक्टर आफ फिलास्फी की उपाधि से विभूषित किया है।

उल्लेखनीय है कि कु दिव्या शुक्ला ने इलाहाबाद विवि में एमए संस्कृत में टाप किया था। हाईस्कूल से लेकर एमए तक की सभी परीक्षाओं में दिव्या शुक्ला ने उच्च प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। उनके माता-पिता, गुरुजन, परिजन और शुभचिन्तक बेटी दिव्या की उपलब्धि से प्रसन्न हैं।

सभी ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। कु दिव्या शुक्ला ने जिले का नाम रोशन किया है।

### ग्रामीणों ने गौवंशों को तहसील परिसर में किया बन्द



**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** अन्ना मवेशियों से परेशान किसानों ने अन्ना जानवरों को खदेडकर मऊ तहसील परिसर के अन्दर कर दिया। एसडीएम नवदीप शुक्ला के समझाने पर ग्रामीणों ने कर्मचारियों की मदद से जानवरों को तहसील के बाहर किया। शनिवार को देर शाम मऊ तहसील के मजरा शेषासुबकरा के शिवपुर के किसानों ने तकरीबन दौ सौ अन्ना जानवरों को खदेडकर मऊ तहसील परिसर में बन्द कर दिया। इससे तहसील परिसर में मची हडकम्प की सूचना एसडीएम नवदीप शुक्ला को मिली तो उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर नगर पंचायत कर्मियों से अन्ना जानवरों को तहसील के बाहर कराया। उल्लेखनीय है कि मऊ नगर पंचायत को हाल में ही नगर पंचायत का दर्जा मिला है। एसडीएम प्रशासक हैं। ग्रामीण मिठाईलाल, रमाशंकर, अवधेश, सोमनाथ, बृजनन्दन आदि ने बताया कि अन्ना जानवरों से इस कदर परेशान हैं कि जिलाधिकारी को पत्र लिखकर परेशानी बता चुके हैं। कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने ये कार्यवाही की है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। सीएम कार्यालय तक इस बाबत पत्राचार किया है।

### कोतवाल की सह से जिले में ठगी का धंधा जोरो पर


**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे बस स्टैण्ड के पास पाण्डेय कालोनी में एक कमरे में फर्जी कम्पनी के नाम से ठगी का कारोबार चल रहा है। कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा इस मामले में खामोशी अख्तियार किये हैं। उनकी सह से फर्जी कम्पनी मालिक ठगी में मशगूल है।

रविवार को जिले में बालकृष्ण बायो प्लांटेक नाम से ठगी के गोरखधंधे का खुलासा हुआ है। बताया गया कि कोतवाली कर्वी से चन्द कदम दूर बस स्टैण्ड के पास पाण्डेय कालोनी में फर्जी कम्पनी महोगनी के पेड लगाने के नाम पर लोगों से दस हजार से एक लाख रुपये तक वसूल रही है। लोगों को आठ से दस लाख तक का लोन दिलाने का झूंठा प्रलोभन देकर ठगी की जा रही है। कम्पनी के बहुरुपिया मालिक दीपक उर्फ विनोद पटेल लोगों को विश्वास दिलाता है कि दो से पांच साल बाद जैसे ही ये पेड बढेंगे तो सारी लोन की रकम माफ हो जायेगी। चार से पांच लाख रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। जिले में दो सौ से ज्यादा लोगों को अपनी ठगी का शिकार विनोद पटेल बना चुका है।

इसके बाद भी कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा की खामोशी समझ से परे है। उनकी चुप्पी विनोद पटेल की मदद कर रही है। शिकायतकताओं के प्रार्थना पत्र की रसीद तक कर्वी कोतवाल नहीं दे रहे हैं। फर्जी कम्पनी के खाते में पैसा जमा न कर विनोद पटेल अपनी पत्नी सुमित्रा देवी के खाते में सारी धनराशि जमा कर ठगी को अंजाम दे रहा है। इसके गिरोह में इसकी पत्नी व भाई सुशील पटेल भी शामिल है।

# स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तीन दिवसीय सनातन धर्म सत्संग

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव ।** नगर के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में श्री हनुमान जी महाराज के कृपा पात्र चरण सेवक संत स्वामी रामस्वरूप जी ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में आयोजित एवं संपन्न होने वाला 70 वें संत समागम और सनातन धर्म सत्संग समिति द्वारा आयोजित त्रि दिवसीय संत सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से पधारे संत विद्वान मनीषी गणों ने पारब्रह्म परमात्मा के विभिन्न अवतारों, स्वरूपों, कथाओं व लीलाओं का वर्णन करते हुए पंडाल में उपस्थित भक्तों को अमृत मई भगवत कथा रूपी रस में डुबोकर सराबोर कर दिया। कानपुर से संत सम्मेलन में पधारे भागवत व्यास पुरुषोत्तम त्रिवेदी ने श्री राम प्रभु के द्वारा जटायु के उद्धार की कथा व हरदोई से पधारे मानस व्यास सर्वेश अवस्थी ने मनु महाराज के चरित्र की तथा सीतापुर से पधारे राजन त्रिवेदी द्वारा राम जी के चरणों में अलख जगाए जा आदि कथाओं का विस्तार से श्रोताओं को वर्णन सुनाकर जगदीश्वर की अनेक अनंत महिमाओं पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में अन्य संत विद्वानों ने अधम से अधम व्यक्ति का भी गंगा जी उद्धार करती हैं। इसी प्रकार हरिद्वार से आए हुए स्वामी राजेश्वरानंद, गोंडा से



सत्संग में पहुंचे प्रहलाद मिश्र, सीतापुर से मानस व्यास राजन त्रिवेदी तथा नैमिषारण्य तीर्थ से आए हुए अभिषेक मिश्र आदि विद्वानों ने सनातन धर्म तथा श्री हरि + हर द्वारा भक्तों के उद्धार हेतु की गई लीलाओं के कथा प्रशंग रूपी अमृत रस को भगवत प्रेमियों को पिलाया।

इस दौरान सफीपुर सनातन धर्म सत्संग समिति के विशेष कार्यकर्ता- राजू स्वर्णकार, अवकाश प्राप्त शिक्षक व पत्रकार दिवाकर द्विवेदी, सहित भागवत कथा स्थल पर अनेक महिलाओं व पुरुषों ने साधु-संतों विद्वानों के द्वारा सनातन धर्म तथा अध्यात्म के प्रति बताई गई बातों एवं सुनाऐ गए अनंत भगवंत चरित्रों का श्रवण एवं अनुसरण कर अपने जीवन में उन्हें उतार मनुष्य जीवन रूपी नौका को पार लगाने का साधन सुगम कर लिया।

# छापेमारी से खफा व्यापारियों ने सांसद आवास का किया घेराव

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर वाणिज्य कर विभाग के छापे की कार्यवाही से खफा उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अगुवाई में शहर के प्रमुख मार्गों पर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए विरोध जताया गया। सांसद आरके सिंह पटेल के आवास का घेराव कर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों का शोषण-उत्पीडन बन्द करने की मांग की गई।



रविवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अगुवाई में जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, दिलीप केशरवानी, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता, नगर अध्यक्ष धर्मचन्द्र गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, महामंत्री अंकित पहारिया, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, संगठन मंत्री महेश जायसवाल, जिला मंत्री ऋषि आर्या, किराना व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जीतू साहू, जितेन्द्र धतुरहा, शनि धतुरहा, भरतकूप नगर अध्यक्ष श्रीराम गुप्ता, भोलानाथ कुशवाहा, बनवारीलाल व अनिल गुप्ता समेत सैकडों व्यापारियों ने पिछले चार दिनों से वाणिज्य कर विभाग की टीम के दुकानों में की जा रही छापेमारी की कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए सरकार विरोधी नारेबाजी की। शहर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला। सांसद आरके सिंह पटेल के बल्दाऊगंज स्थित आवास का घेराव कर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर वाणिज्य कर विभाग की कार्यवाही पर अंकुश लगाने की मांग की।

सांसद आरके सिंह पटेल ने व्यापारियों को भरोसा दिया कि योगी सरकार में किसी व्यापारी का उत्पीडन नहीं होने दिया जायेगा। व्यापारियों की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा देते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से वार्ताकर अनावश्यक रुप से व्यापारियों को परेशान न करने को कहा। सांसद ने कहा कि डीएम की अध्यक्षता और जीएसटी के अधिकारियों की मौजूदगी में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक कर व्यापारियों को विश्वास में लेकर दुकानों की जांच की जायेगी। अनावश्यक भय व दहशत का माहौल नहीं बनने दिया जायेगा।

### उन्नाव के फतेहपुर चौरासी ब्लाक के गांवों में नहीं हो रही साफ सफाई



**अखंड भारत संदेश**
**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** ब्लाक के गांवों में सफाई कर्मी की बराबर शिकायत आ रही है। और यह एक नहीं लगभग ब्लाक के सभी गांवों का हाल है। ऐसा ही ब्लाक फतेहपुर चौरासी के गांव दोस्तपुर शिवली के ग्रामीणों का कहना है। कि उनके गांव में कोई भी सफाई कर्मी कभी नहीं आता गांव में बनी नालियां कीड़े और मच्छरों से भरी पड़ी है। कई लोगों का यह भी कहना था कि अपने अपने घरों के सामने नाली तो साफ कर लेते हैं। लेकिन कई जगह पर पूरी नाली ही गंदगी से भरी पड़ी है। जिनमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, वायरस बुखार व अन्य तरह से बीमारी फैलने का डर है। और गांव में ऐसे ही मच्छरों के काटने से काफी लोग बीमार पड़े हैं। अगर सफाई होती रहे तो नाली में मच्छरों नहीं पनपते एक व्यक्ति ने तो यह भी कहा कि जब कभी सफाई कर्मी गांव आता भी है। तो वह केवल प्रधान का ही काम करता है। पता नहीं उसकी ड्यूटी कैसे पूरी होती है। और वेतन मिल रहा है इस बात पर लोगों ने बताया कि प्रधान और सफाई कर्मी में सांठ गांठ होने से यह सब खेल हो रहा है।

## विधायक अनिल प्रधान की मौजूदगी में भाकियू ने उठाई समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाकियू की किसान पंचायत सगवारा गांव में जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान की मौजूदगी में हुई। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, जिला महामंत्री अरुण पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने सदर विधायक अनिल प्रधान को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। विधायक से कहा कि सदन पर किसानों के साथ वायदा खिलाफी की चर्चा करें और अपने माध्यम से भारत सरकार को ज्ञापन भेजे।



रविवार को पंचायत में अन्ना जानवरों, खाद, पानी, बिजली की समस्या छाई रही। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने किसानों की समस्याओं पर कहा कि दिल्ली आंदोलन के वायदा खिलाफी के सरकार के वायदे पूरे न कर पाने के 13 माह हो चुके हैं। सरकार ने किसानों से वायदा किया था कि सीटू प्लस फिफ्टी गारन्टी कानून बनायेंगे। किसानों की उपज का मूल्य निर्धारण किया जाएगा। किसान आयोग का गठन किया जाएगा। स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू की जाएगी। साठ वर्ष के बाद किसानों को किसानों को पेशन दी जायेगी। आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवार को आर्थिक मदद एवं शहीद स्थल को जमीन दी जायेगी। प्रत्येक राज्यों में किसानों पर आन्दोलन दौरान लगाए मुकदमे वापस कर किसान समिति का गठन कर समस्याओं का अवलोकन किया जायेगा। आज तक सरकार ने कोई वायदा नहीं निभाया। किसानों के हत्यारे केंद्रीय मंत्री अजय टेनी पर कोर्ट से दोष सिद्ध होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। मंत्री मण्डल से बर्खास्त भी नहीं किया जा रहा है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह, युवा बिंग जिला उपाध्यक्ष कुलदीप, खण्डेहा तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, राजकिशोर सिंह, योगेंद्र सिंह, रमेश फौजी, जयनारायण सिंह, रामबालक पाल आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में दो गांवों में हुई चोरी, पुलिस कर रही जांच पड़ताल

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव बांगरमऊ ।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में चोरी की घटनाएं हुईं हैं पहली घटना बहलोलपुर गांव में घटित हुई है फुरकान पुत्र समद ने बताया कि घर में केवल औरतें ही थी जावेद दूसरे प्रान्त में रहकर काम करता है बाकी परिवार गांव में रहता है रोज की तरह घर की सभी औरतें खाना खा कर गहरी नींद में सो गई इसी बीच चोरों ने घर में घुस कर जेवरात और नगदी उठा ले गए जिसमें फुरकान जो जावेद का चाचा हैं उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 हजार नगदी और घर में अलमारी में रखे जेवरात को अलमारी का ताला तोड कर साफ कर दिया है पुलिस जांच कर रही है दूसरी घटना बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में ताजपुर गांव में हुई है ।



राधे लाल पुत्र मंशाराम पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहता है घर के मेन गेट में ताला लगा रहता है घर में बने कमरों में भी ताला लगा हुआ था सुनसान घर देख कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया सुबह जब पड़ोसियों ने गेट ताला टूटा देखा तो इस बात की सूचना राधेलाल को दी गई राधेलाल अगले दिन गांव आ गया और उसने पुलिस को तहरीर दे कर बताया कि घर में सभी जेवरात गायब हैं वह जेवरात गांव के मकान में रख कर दिल्ली गया था जिसमें सोने और चांदी के आभूषण थे दो सोने की चैन, सोने की माला में लगा हुआ पैंडल कमर कधनी पायल अंगूठी आदि समान था । कोतवाली बांगरमऊ प्रभारी ओम प्रकाश राय ने बताया कि चोरी की दोनों घटनाओं की तहरीर मिल चुकी है जिस पर पुलिस कार्यवाही कर रही है जल्दी ही दोनों घटनाओं का खुलासा किया जाएगा ।

# कवि भारती की जयंती भाषा दिवस के रुप में मनाई गई

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव के निर्देश पर महाकवि चिन्ना स्वामी सुब्रहण्यम भारती की जयंती पर जिले के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में भाषा दिवस मनाया गया। बीएसए लवप्रकाश यादव ने बताया कि भाषा दिवस मनाने का मकसद राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने व अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने को प्रोत्साहित करना है।





रविवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भारतीय भाषा दिवस को उत्सव के रुप में मनाया गया। इस मौके पर भाषण, निबंध, चित्रकला विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में मऊ तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अहिरी के प्रधानाध्यापक शारदेन्दु शुक्ला, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदई में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार द्विवेदी, कम्पोजिट कन्या विद्यालय हरिजन बस्ती मऊ में प्रधानाध्यापक आलोक कुमार गर्ग व पूमावि अहिरी में प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह व कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय पूरब पताई में प्रधानाध्यापक अशोक वर्मा की मौजूदगी में तमिल भाषा के कवि चिन्ना स्वामी सुब्रहण्यम भारती की जयंती पर प्रधानाध्यापक शारदेन्दु शुक्ल ने भारती की राष्ट्र भक्ति से भरी एक कविता का हिन्दी रुपांतरण आओ गायें वन्देमातरम सुनाकर सभी बच्चों को फल बांटे। ये कार्यक्रम पूरे ब्लाक क्षेत्र में खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय के निर्देश पर हुआ।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय उफरौली रामनगर में भी साहित्यकार/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चिन्ना स्वामी सुब्रहण्यम भारती की जयंती पर छात्राओं ने सरस्वती वन्दना पेश की। कक्षा चार की छात्रा सुमन भाषण प्रतियोगिता में प्रथम व किरन द्वितीय रही। कविता प्रस्तुतिकरण में कक्षा दो की आशी प्रथम व आस्था द्वितीय रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू यादव ने बच्चों को कवि भारती के जीवन एवं उनके किये कार्यों को प्रोजेक्टर से सभी बच्चों को दिखाया। प्रधानाध्यापक राजू ने बच्चों को एकता में अनेकता का पाठ बहुभाषी देश में भाषाओं की विविधता के मौजूद हम सब एक महान देश के नागरिक हैं। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावक एवं शिक्षक हजारी प्रसाद, शेखर प्रताप, सचिन, मेवालाल, राजलाल ने मौजूद रहकर उत्साहवर्धन किया।

### छात्रों को बिना गारंटी के मिल रहा दस लाख का लोन: संतोषी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता में छात्र युवा संघर्ष समिति की बैठक प्रान्त महासचिव अंकित सिंह की मौजूदगी में हुई।




रविवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्कूलों में निःशुल्क विश्व स्तरीय शिक्षा छात्रों को उपलब्ध करा रही है। छात्रों को दस लाख रुपये शिक्षा के लिए बिना गारंटी के लोन दिया जा रहा है। अन्य सुविधायें भी छात्रों को मुहैया कराई जा रही हैं।

बैठक में प्रान्त महासचिव अंकित सिंह, छात्र युवा संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामवरन सिंह, प्रमोद कुमार सोनी, श्रम प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष योगेन्द्र रैकवार, आशीष जायसवाल, राहुल सिंह, आदर्श गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, लवकुश कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, राजा भइया, शिवा यादव, रोहित कुशवाहा, सतीश कुमार यादव आदि पदाधिकारी बनाये गये।

# रूसी तेल पर जी7 देशों की ओर से लगाई पाबंदियों का भारत ने नहीं किया समर्थन, पुतिन सरकार ने की तारीफ

**मास्को।** रूस ने जी-7 देशों और उनके सहयोगियों के रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया है। रूसी उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने रूस में भारतीय राजदूत पवन कपूर के साथ एक बैठक के दौरान यह बयान दिया।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उप-प्रधानमंत्री ने रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया, जिसकी घोषणा पांच दिसंबर को जी7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा की गई थी। इससे पहले सितंबर में जी-7 देशों ने रूस से तेल आयात पर प्राइस कैप लगाने पर सहमति जताई थी।

बयान के मुताबिक, नोवाक ने कहा कि रूस ऊर्जा संसाधनों



की आपूर्ति के लिए अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभा रहा है और ऊर्जा संकट के बीच पूर्व-दक्षिण के देशों को ऊर्जा निर्यात कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि साल 2022 के पहले आठ महीनों में भारत को रूसी तेल आयात बढ़कर 16.35 मिलियन टन पहुंच गया। विशेष रूप से, यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत ने रूस से तेल आयात करना जारी रखा।

**भारत को तेल आपूर्ति में दूसरे स्थान पर रूस**


बता दें, इस साल गर्मियों के दौरान भारत को तेल की आपूर्ति के मामले में रूस दूसरे स्थान पर था। इसके अलावा, रूस से तेल उत्पादों और कोयले की आपूर्ति में भी बढ़ोतरी हुई है।

भारतीय राजदूत पवन कपूर के साथ बैठक के दौरान, नोवाक ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अंतरराराष्ट्रीय मंच 'रूसी ऊर्जा सप्ताह 2023' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह अगले साल 11-13 अक्तूबर तक मॉस्को में आयोजित होगा।

# चीन में राजनीतिक अस्थिरता बरकरार, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व के सामने खड़ी हुई चुनौतियां

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल के चुने जाने के बाद भी चीन में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति बनी हुई है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) को नेतृत्व की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दीर्घकालिक शासन, सुधार और आधुनिकीकरण की परीक्षा, अर्थव्यवस्था और बाहरी वातावरण को पुनर्जीवित करना शामिल हैं। एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल प्रकाशित लेख में यह दावा किया गया है।

लेख में कहा गया है कि चीन की जनता का राष्ट्रपति शी के नेतृत्व के साथ-साथ सीसीपी पर भी विश्वास कम हुआ है। इसके पीछे मुख्य कारण भ्रष्टाचार, पार्टी की सत्ता लोभी कार्यशैली और



सरकार में जनता की भागीदारी नहीं होना माना जा रहा है। लेख में चीन के केंद्रीय राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग कार्यालय के उप निदेशक लियू हैक्सिंग के हवाले से कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट सरकार के सामने मौजूदा राष्ट्रीय चुनौतियां भविष्य में नई समस्याएं पैदा कर सकती हैं। इस लेख में सीसीपी की 20वीं कांग्रेस में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बयान को दर्शाया गया है। जिसके मुताबिक, चीन विकास के पथ आगे बढ़ा है जिसमें अवसर, जोखिम और

**लेख में कहा गया है कि चीन की जनता का राष्ट्रपति शी के नेतृत्व के साथ-साथ सीसीपी पर भी विश्वास कम हुआ है**


चुनौतियां मौजूद हैं। हालांकि चीन में अनिश्चितताएं और अप्रत्याशित कारक बढ़ रहे हैं। हैक्सिंग ने सावधान किया है कि देश में 'ग्रे राइनो' और 'ब्लैक स्वान' जैसी आपदाएं किसी भी समय दस्तक दे सकती हैं।

# रूसी ड्रोन हमलों के बाद अंधेरे में डूबा यूक्रेन का ओडेशा शहर, लाखों लोग मोमबत्तियां जलाने को मजबूर

**कीव।** यूक्रेन के बिजली उत्पादन प्रणाली पर रूसी ड्रोन हमलों के बाद यहां के कई शहर अंधेरे में डूब गए हैं। लेकिन इन शहरों में सबसे अधिक प्रभावित ओडेशा शहर है जहां 15 लाख से अधिक लोगों को मोमबत्ती जलाकर रात गुजारनी पड़ रही है। कंपकपाती ठंड में इस तरह से बिजली का गुल होना लोगों के लिए कई तरह की समस्याएं खड़ी कर रहा है। बिजली के गुल होने से पानी की किल्लत के अलावा खाने-पीने की वस्तुओं का उत्पादन भी बंद हो गया है। कई लोगों को दूसरे शहरों से भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। कई लोगों का व्यवसाय में चौपट हो गया है। खासतौर पर घरों को गर्म करने के उपकरण किसी काम नहीं आ रहे और लोग ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। वहीं बिजली की किल्लत से लकड़ियों के दाम आसमान छू रहे हैं।

**बिजली की भारी कमी, बहाल होने में कई दिन लग सकते हैं: जेलेंस्की**

राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को एक वीडियो संबोधन में कहा कि यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में 15 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के मुश्किल जिंदगी काट रहे हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि



पैदा होने वाली बिजली की मात्रा में भारी कमी है और बिजली बहाल होने में कई दिन लग सकते हैं।

**रूसी ड्रोन हमलों ने प्रमुख संचार लाइनों और उपकरणों को किया बाधित**

अधिकारियों के अनुसार, रूसी ड्रोन हमलों ने शनिवार तड़के प्रमुख संचार लाइनों और उपकरणों को बाधित कर दिया। जो लोग पूरी तरह से बिजली पर निर्भर हैं उन्हें समस्या आ सकती है। प्रशासन ने कहा प्रारंभिक पूर्वानुमानों के अनुसार, ओडेसा क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं को बहाल करने में पिछले हमलों की तुलना में अधिक समय लगेगा। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा है कि ईरान और रूस के बीच संबंधों का विस्तार हो रहा है और देशों के बीच संबंध पूर्ण विकसित रक्षा साझेदारी में विकसित हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बीबीसी को बताया कि अमेरिका ने रिपोर्ट देखी है कि ईरान और रूस घातक ड्रोन के संयुक्त उत्पादन पर विचार कर रहे हैं। रहस्योद्घाटन के बाद यूक्रेन ने रूस पर 17 अक्टूबर को घातक हमलों में इस्तेमाल किए गए कामिकेज ड्रोन का उपयोग करने का आरोप लगाया। हालांकि, तेहरान ने इनकार किया।

## जर्सी द्वीप में विस्फोट, तीन मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत, कई लापता

**लंदन।** उत्तरी फ्रांस के तट से दूर जर्सी द्वीप पर फ्लैटों के एक ब्लॉक (तीन मंजिला इमारत) में तड़के हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन अन्य लापता हैं। जर्सी पुलिस के अधिकारी रॉबिन स्मिथ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट 4 बजे से ठीक पहले हुआ और अब आग बुझ गई है। स्मिथ ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं जीवित बचे लोगों की तलाश कर रही हैं। उन्होंने पुष्टि की कि निवासियों द्वारा गैस की गंध की सूचना देने के बाद विस्फोट से पहले शुक्रवार शाम को अग्निशमन सेवाओं को बुलाया गया था। उन्होंने विस्फोट के कारणों पर कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

स्मिथ ने कहा कि इस विस्फोट से द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर में बंदरगाह के पास स्थित एक तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से ढह गई है। 20 से 30 लोगों को निकाला गया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि जर्सी ब्रिटिश क्राउन डिपेंडेंसी है। इसकी आबादी 100000 से अधिक है।

## फ्रांस के जर्सी द्वीप पर अपार्टमेंट में धमाका, तीन की मौत, 12 से ज्यादा लापता

**ढाका।** फ्रांस के जर्सी द्वीप में एक अपार्टमेंट में विस्फोट होने में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग लापता बनाए जा रहे हैं। यह धमाका जर्सी की राजधानी सेंट हेलिएर में हुआ। जर्सी की स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर में शनिवार सुबह एक अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं, इस हादसे के कारण लगभग एक दर्जन अन्य लोगों की कोई जानकारी नहीं है। आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि धमाके के बाद तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से ढह गई। कई फ्लैट्स से लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि 20 से 30 लोगों को पास के टाउन हॉल में शिफ्ट किया गया है। स्थानीय मीडिया ने निवासियों के हवाले से बताया कि विस्फोट से कई घंटों पहले गैस की तेज गंध आने के कारण दमकल कर्मियों को बुलाया गया था। विस्फोट के बारे में जानकारी देते हुए जर्सी पुलिस के प्रमुख ने बताया कि घटना वाले इलाके में आपातकालीन सेवाएं राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। स्टेट ऑफ जर्सी पुलिस ने ट्विटर पर ट्वीट करके जानकारी दी कि ÷हॉट डु मोंट, पियर रोड पर आज सुबह विस्फोट के बाद कई निवासी अभी भी लापता हैं। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं और घटनास्थल पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि घटना स्थल पर मलबे में फंसे लोगों को खोजने के लिए और सर्च और बचाव अभियान चल रहा है। वहीं, जर्सी सरकार ने निवासियों से यह भी कहा है कि वे जब तक बिल्कुल आवश्यक न हो आपातकालीन विभाग में न जाएं

## भारत-ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते के लिए छठे दौर की वार्ता सोमवार से

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए छठे दौर की बातचीत सोमवार को यहां शुरू होगी। दरअसल, दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच होने वाली इस वार्ता का उद्देश्य एफटीए को जल्द पूरा करना है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर छठे दौर की वार्ता 12 दिसंबर से शुरू हो रही है। इस साल 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई इस वार्ता के तहत एक प्रमुख मुद्दा यात्री वाहन सहित वस्तुओं का व्यापार है। ब्रिटेन में हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद यह बातचीत फिर शुरू हो रही है। इससे पहले आखिरी दौर की वार्ता 29 जुलाई को हुई थी।इससे पहले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले महीने कहा था कि मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा था कि चीजें अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं। इसके अच्छे परिणाम आएंगे। दरअसल, एफटीए के तहत दोनों देश आपसी व्यापार वाले ज्यादातर उत्पादों पर सीमा शुल्क को बहुत हद तक कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज हो गए हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरे तो संपूर्ण व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई।

बांग्लादेश में 2024 में आम चुनाव होने हैं। इससे पहले ही विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने सत्तारूढ़ अवामी लीग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मांग है कि बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना व उनकी सरकार इस्तीफा दे। साथ ही विपक्ष चाहता है कि अगले आम चुनाव कार्यवाहक सरकार की निगरानी में कराए जाएं। मौजूदा सरकार की इस्तीफे की मांग को लेकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने राजधानी ढाका में रैली का आह्वान किया था। ढाका के सैयदाबाद स्थित गोपालबाग मैदान रैली शुरू होने से पहले ही खचाखच भर गया। देश के अन्य



शहरों में भी लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया।

शेख हसीना सरकार ने इन प्रदर्शनों पर पाबंदियां लगा दी थीं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग जुटे। भीड़ देखकर उत्साहित बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सात सांसदों ने प्रदर्शन के दौरान ही इस्तीफे का ऐलान भी कर दिया। ये लोग बांग्लादेश में तुरंत चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। रैली के दौरान संदेह जताया गया कि मौजूदा सरकार के नेतृत्व में चुनाव हुए तो सत्ता से जुड़े लोग चुनाव में धांधली कर सकते हैं।

रैली के कारण ढाका में स्थितियां खासी खराब हो गयीं। रैली से पहले सड़क पर उतरे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और कई घायल हो गए।

# छह साल पुराने मानहानि मामले में इमरान की याचिका हाई कोर्ट में खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लाहौर हाई कोर्ट से जोर का झटका लगा है। हाई कोर्ट ने छह साल पुराने मानहानि मामले में इमरान खान की याचिका खारिज कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान पर 6.1 करोड़ डॉलर मानहानि का दावा किया था। इस पर इमरान ने समय पर अदालत में जवाब दाखिल नहीं किया था। लाहौर की सत्र अदालत ने फैसला दिया था कि इमरान खान ने इस मामले में जवाब दाखिल करने या विरोध करने का अधिकार खो दिया है, क्योंकि वह शहबाज शरीफ की आपत्तियों का समय पर जवाब दाखिल करने में विफल रहे थे। इस पर इमरान खान ने शहबाज



शरीफ द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में 'जवाब दाखिल करने के अधिकार' से वंचित करने के संबंध में सत्र अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। लाहौर हाई कोर्ट के न्यायाधीश चौधरी मोहम्मद इकबाल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खान की याचिका खारिज कर दी और सत्र अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

ज्ञातव्य है कि अप्रैल 2017 में इमरान खान ने दावा किया था कि शहबाज ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पनामा पेपर लीक मामले को वापस लेने के लिए एक मित्र के जरिए उन्हें 6.1 करोड़ डॉलर देने की पेशकश की थी। इसके बाद शहबाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया और आरोप लगाया कि खान ने उनके खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए हैं। शहबाज ने जनता में उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए मुआवजे के रूप में 6.1 करोड़ डॉलर की वसूली के लिए अदालत से अनुरोध था।

## अंतरिक्ष में ब्लैक होल से टकराया सितारों का झुंड, जोरदार विस्फोट

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष में सितारों की ब्लैक होल से हुई टक्कर में जोरदार विस्फोट हुआ। गामा किरणों के इस धमाके को स्पेस टेलिस्कोप और नासा की ऑब्जर्वेटरी ने देखा है। यूनिवर्सिटी ऑफ लीसेस्टर के



भौतिकविदों एवं वैज्ञानिकों ने इस धमाके को दुर्लभ ब्रह्मांडीय घटना करार दिया है। उम्मीद है कि उनका शोध भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अध्ययन में मददगार साबित होगी। गामा किरणों का विस्फोट ब्रह्मांड में सबसे शक्तिशाली होता है। वैज्ञानिकों ने इस धमाके को जीआरबी211211ए नाम दिया है। यह अपेक्षाकृत लंबा था जिससे उम्मीद से अधिक इन्फ्रारेड प्रकाश निकला।

# नेपाल में सरकार गठन के लिए आरएसपी ने की समर्थन देने की पेशकश

**काठमांडू।** नेपाल के नवगठित राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने सरकार गठन में नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के गठबंधन को समर्थन देने की पेशकश की। आरएसपी 20 नवंबर को हुए चुनावों में चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, जिसने 20 सीटें हासिल की हैं। इस पार्टी का गठन पत्रकार रबी लमिछाने ने किया है।

दरअसल, प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली पांच पार्टियों का गठबंधन 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 136 सीटें हासिल करने के बाद बहुमत से दो सीट दूर है। ऐसे में आरएसपी के वरिष्ठ नेता बिराज भक्त श्रेष्ठ ने कहा कि अगर हमारी भागीदारी के बिना नई सरकार नहीं बन सकती है तो हम विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं।

नवगठित राजनीतिक दल ने काठमांडू शहर में चार सीटों पर विजयी हुई है। सरकार गठन में अनिश्चितता को देखते हुए आरएसपी ने समर्थन की पेशकश की है ताकि देश में दोबारा चुनाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार का समर्थन करना और उसमें शामिल होना हमारा नैतिक दायित्व बन जाता है, हालांकि हमारा मुख्य उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं है। अगर सरकार गठन में हमारे समर्थन की




जरूरत नहीं है तो हम विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं।

श्रेष्ठ ने आगे कहा कि सरकार में शामिल होने से पहले, हम चाहते हैं कि गठबंधन दल प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त नौकरशाही में पारदर्शिता के लिए तत्काल जोर दें।

इससे पहले नेपाल में पांच दलों के सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं ने यहां शुक्रवार को एक बैठक करके आम चुनाव के नतीजों की समीक्षा करने के साथ नई सरकार के गठन और सत्ता-साझेदारी के समझौते पर चर्चा की। नेपाल कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल (माओवादी सेंटर), अध्यक्ष पुष्प कमल दहल %प्रचंड%, नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम भट्टराई ने काठमांडू में मुलाकात की। बैठक में नेपाल समाजवादी पार्टी के नेता महेंद्र आर. यादव भी मौजूद रहे। चुनाव के बाद नेपाली कांग्रेस (एनसी) 89 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।

# 'आतंकियों को अच्छा और बुरा में बांटने का युग तुरंत समाप्त होना चाहिए', भारत का पाकिस्तान पर बड़ा हमला

**संयुक्त राष्ट्र।** आतंकवाद को लेकर भारत ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना एक बार फिर से हमला बोला है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत द्वारा जारी एक अवधारणा नोट में कहा गया है कि राजनीतिक सुविधा के आधार पर आतंकवादियों को बुरा या अच्छा' के रूप में वर्गीकृत करने का युग तुरंत समाप्त होना चाहिए। इस तरह से गुड टेररिज्म और बैड टेररिज्म करना, आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए साझा वैश्विक प्रतिबद्धता को कमजोर करेगा। बता दें कि भारत, 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वर्तमान अध्यक्ष है और 14 और 15 दिसंबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में सुधारित बहुपक्षवाद और आतंकवाद-निरोध पर दो हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने लिखा पत्र**

बैठक से पहले, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखे एक पत्र में कहा कि आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अवधारणा नोट को सुरक्षा परिषद के एक दस्तावेज के रूप में परिचालित किया जाना चाहिए। पत्र में लिखा गया है कि 11 सितंबर, 2001 को न्यूयॉर्क में हुए आतंकवादी हमले, आतंकवाद के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ थे। तब से, लंदन, मुंबई, पेरिस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई हिस्सों में भी आतंकवादी हमले हुए हैं। इसमें कहा गया है कि ये हमले इस बात को उजागर करते हैं कि आतंकवाद का खतरा गंभीर और सार्वभौमिक है और दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद दुनिया के अन्य हिस्सों में शांति और सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

**आतंकवाद का खतरा अंतरराष्ट्रीय: रुचिरा कंबोज**

रुचिरा कंबोज ने कहा कि आतंकवाद का खतरा अंतरराष्ट्रीय है। आतंकवादी और उनके समर्थक, सुविधाकर्ता और वित्तीय पोषक दुनिया में किसी भी कृत्यों को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न




न्यायालयों में रहते हुए सहयोग करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सभी राज्यों के सामूहिक प्रयासों से ही एक अंतरराष्ट्रीय खतरे को पराजित किया जा सकता है। आतंकवादियों को बुरा और अच्छा के रूप में वर्गीकृत करना बंद करें

रुचिरा कंबोज ने कहा कि आतंकवाद की उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद के किसी भी कार्य के लिए कोई अपवाद या औचित्य नहीं हो सकता है। आतंकवादियों को बुरा और अच्छा के रूप में वर्गीकृत करने का युग राजनीतिक सुविधा के आधार पर तुरंत समाप्त होना चाहिए।